
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 4 : अंकः23 | ग्वालियर, 1 दिसम्बर, शुक्रवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## एमपी में एग्जिट पोल के आंकड़ों से पहले उमा भारती का बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने गुरुवार को कहा कि वह एग्जिट पोल पर %भरोसा% नहीं करतीं. तेलंगाना में मतदान समाप्त होने के बाद शाम को पांच राज्यों के एग्जिट पोल प्रसारित किए जा रहे हैं. इन पांच राज्यों में सात नवंबर (मिजोरम और पहला चरण छत्तीसगढ़), 17 नवंबर (मध्य प्रदेश), 25 नवंबर (राजस्थान) और 30 नवंबर (तेलंगाना) में विधानसभा चुनाव हुए हैं. भारती ने संवाददाताओं से कहा, %मैं चाहती हूं कि मेरी पार्टी मध्य प्रदेश में सरकार बनाये. मैं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बहुत सम्मान करती हूं. एग्जिट पोल के बारे में पूछे जाने



पर भारती ने कहा कि वह उन पर भरोसा नहीं करतीं. उन्होंने दावा किया, वे भविष्यवाणी करते हैं कि एक पार्टी 112 से 130 सीटें (मध्य प्रदेश की 230 सीटों में से) के बीच जीतेगी. अब, अगर उस पार्टी को 112 सीटें मिलती हैं और चुनाव हार जाती है, तो एग्जिट पोल करने वालों का दावा है कि वे सही साबित हुए हैं, लेकिन अगर उस पार्टी को 120 सीटें मिलती हैं और वह जीतती है, तो एग्जिट पोल का दावा है कि उनकी भविष्यवाणी सही थी. उन्होंने कहा, इसलिए एग्जिट पोल एक ही सिक्के के दो पहलू हैं. मैं उन पर भरोसा नहीं करती. उन्होंने कहा, नवंबर 2020 में बिहार में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल की सरकार बनने के बारे में एग्जिट पोल की भविष्यवाणी गलत साबित हुई. जब उनसे पूछा गया कि बीजेपी कितनी सीटें जीतेगी तो उन्होंने कहा कि पार्टी हर सीट जीतने के लिए चुनाव लड़ती है. दिसंबर 2018 और मार्च 2020 के बीच 15 महीने की अवधि, जब कमलनाथ ने कांग्रेस सरकार का नेतृत्व किया था,को छोड़कर बीजेपी 2003 से मध्य प्रदेश में सत्ता में है. मार्च 2020 में कांग्रेस की सरकार गिर गई और चौहान के नेतृत्व में बीजेपी सत्ता में वापस आ गई. 2018 के विधानसभा चुनावों में, कांग्रेस ने 114 सीटें जीतीं, जबकि 230 सदस्यीय विधानसभा में बीजेपी 109 सीटों पर विजयी हुई थी.

### राजस्थान में इस बार किसकी सरकार, एग्जिट पोल के आंकड़ों में हुआ सब कुछ साफ

**नई दिल्ली।** राजस्थान में चुनावी शोर और मतदान खत्म हो चुका है. अब सभी की निगाहें तीन दिसंबर को आने वाले चुनावी नतीजों पर हैं. वहीं सत्ताधारी कांग्रेस हो या फिर बीजेपी सभी दलों ने राजस्थान में अपनी अपनी जीत का दावा किया है. हालांकि तीन दिसंबर को ये साफ हो जाएगा कि किस पार्टी के दावे में कितना दम था. वहीं इससे पहले एबीपी सीवोटर के एग्जिट पोल से कुछ स्थिति साफ हुई कि इस बार सत्ता का ताज कौनसी पार्टी के सिर पर सजेगा. आइए जानते हैं एग्जिट पोल में क्या कुछ रहा.

**किसको कितनी सीटें**–राजस्थान में एग्जिट पोल के मुताबिक इस बार राजस्थान से कांग्रेस की विदाई हो सकती है और बीजेपी एक बार फिर सत्ता में वापसी कर सकती है. एग्जिट पोल के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश की 199 सीटों में से 94 में से 114 सीटें बीजेपी के खाते में आ सकती हैं. वहीं कांग्रेस को 71 से 91 सीटें मिल सकती हैं, जबकि अन्य के हिस्से नौ से 19 सीटें आ सकती हैं.

**इतना हो सकता है वोट शेयर**–वहीं वोट शेयर की बात करें तो एग्जिट पोल के आंकड़ों के मुताबिक इस बार राजस्थान में बीजेपी का वोट शेयर 45 फीसदी जबकि कांग्रेस का वोट शेयर 41 फीसदी मिल सकता है. वहीं अन्य का वोट शेयर 14 प्रतिशत रह सकता है. अगर ये आंकड़े नतीजों में तब्दील हुए तो इस बार राजस्थान में रिवाज कायम रह सकता है.

## मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में किसकी सरकार



मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनाव में अब रिजल्ट की बारी है. इससे पहले सर्वे एजेंसियों ने एग्जिट पोल किया है. इसमें चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं. एबीपी न्यूज-सी वोटर के एग्जिट पोल के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में कांटे की टक्कर हो सकती है. यहां बीजेपी को 36 से 48 सीटें मिलती दिख रही है. वहीं कांग्रेस को 41 से 53 सीटें मिल सकती हैं. वहीं अन्य को 0 से 4 सीटें मिल सकती है.

इस एग्जिट पोल के मुताबिक, मध्य प्रदेश में कांग्रेस को 113-137, बीजेपी को 88-112 और अन्य को 2-8 सीटें मिल सकती हैं. राजस्थान की 199 सीटों में से कांग्रेस को 71-91 सीटें, बीजेपी को 94-114 सीटें और अन्य को 9-19 सीटें मिल सकती हैं. वहीं, मिजोरम में एमएनएफ को 15-21 सीटें, जेडपीएम को 12-18 सीटें, कांग्रेस को 2-8 सीटें और अन्य को 0-5 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है. इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के एग्जिट पोल के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने का अनुमान लगाया गया है. इस पोल के आंकड़ों में कांग्रेस राज्य की 90 में से 40-50 सीटें जीत सकती है. वहीं, बीजेपी को 36-46 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है. एग्जिट पोल के मुताबिक, मिजोरम में जोरमथांगा की मिजो नेशनल फ्रंट 14-18 सीटें जीत सकती है. यहां कांग्रेस को 8-10, जेडपीएम को 12-16, बीजेपी को 0-2 सीटें मिल सकती हैं. इसी पोल के आंकड़ों में छत्तीसगढ़ में बीजेपी को 41 फीसदी वोट शेयर और कांग्रेस को कुल 43 फीसदी वोट मिलने की संभावना जताई गई है. वहीं, सीटों के मामले में छत्तीसगढ़ में बीजेपी को 30-40 सीटें, कांग्रेस को 46-56 सीटें और अन्य को 3-5 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है.इसी पोल के आंकड़ों में तेलंगाना में बीआरएस को 31-47 सीटें, कांग्रेस+ को 63-79 सीटें, बीजेपी+ को 2-4 सीटें और एआईएमआईएम को 5-7 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है. वहीं, मिजोरम में एमएनएफ को 14-18 सीटें, जेडपीएम को 12-16 सीटें, कांग्रेस को 8-10 सीटें और बीजेपी को 0-2 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है.

## पाकिस्तान से भारत लौटी अंजू का कहीं आईएसआई ने तो नहीं कर दिया ब्रेन वॉश?

**नई दिल्ली।** भारत की अंजू और पाकिस्तान के नसरुल्लाह के बीच पहले दोस्ती, फिर प्यार और शादी के बाद संस्पेंस भी जुड़ गया है. नसरुल्लाह के प्यार में दिवानी हुई अंजू अब 132 दिनों के बाद भारत लौट आई है. उसके अचानक अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते भारत लौटने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं. हालांकि, अंजू को भारतीय सुरक्षा के लिहाज से फिलहाल बीएसएफ कैंप में रखा गया है जहां पूछताछ भी की जा रही है.

भारत के राजस्थान के अलवर जिले के भिवाड़ी की रहने वाली अंजू को पाकिस्तान के रहने वाले खैबर पख्तूनख्वा के रहने वाले नसरुल्लाह से प्यार हो गया था. इस सबके चलते वह दोनों देशों के बीच के खराब रिश्तों की परवाह किए बिना टूरिस्टि वीजा के सहारे बॉर्डर पार पहुंच गई थी. उसने वहां नसरुल्लाह से न केवल निकिाह



किया बकि अंजू से फातमिा भी बन गई. अब उसके इतने लंबे समय के बाद अंजू की अचानक भारत वापसी ने सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं. अंजू मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कैलोर गांव की रहने वाली है. अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते भारत में दाखिल हुई अंजू से मीड़िया ने भी कई सवाल किए हैं लेकिन उसने कुछ भी नहीं कहा है. वह उन सभी सवालों के जवाब में सिर्फ यह ही कहती रही, मैं हैप्पी हूं, मुझे कोई दिक्कत नहीं है. मेरे सिर में दर्द है. मुझे कोई कंप्लेंट नहीं है. गौरतलब है कि नसरुल्लाह से निकाह करने से पहले अंजू भिवाड़ी में अपने पता अरविंद और दो बच्चों के साथ रहती थी लेकनि नसरुल्लाह से एफबी पर गहरी दोस्ती होने के बाद वह अपने परविार को छोड़कर पाकस्तिान चली गई थी. करीब दो साल तक दोनों के बीच में व्हाट्सअप के जरयि बातें होती रहीं थीं. नसरुल्लाह के भारत आने में असमर्थता जाहरि करने पर ही अंजू ने उससे मलिने के लएि पाकस्तिान जाने की ठानी थी.

## वायुसेना की और बढ़ेगी ताकत

**नई दिल्ली।** सशस्त्र बलों की ताकत और बढ़ने वाली है. सूत्रों के मुताबिक, लड़ाकू क्षमता को बढ़ावा देने के लिए 97 तेजस हल्के लड़ाकू विमानों और लगभग 156 प्रचंड हेलीकॉप्टर की अतिरिक्त खेप की खरीद के लिए प्रारंभिक मंजूरी मिली है. वायुसेना लगभग 65,000 करोड़ रुपये की लागत से इन विमानों को खरीदेगी. सूत्रों ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने अपने सुखोई-30 लड़ाकू बेड़े को अपग्रेड करने के लिए भारतीय वायु सेना के एक प्रस्ताव को भी मंजूरी दी. मेगा खरीद परियोजनाओं और सुखोई-30 उन्नयन कार्यक्रम से सरकारी खजाने पर 1.3 लाख करोड़ रुपये की लागत आने की उम्मीद है. भारतीय वायुसेना तेजस एमके-1 जेट के दो स्क्वाड्रन का पहले से संचालन कर रही है. इसमें शुरुआती और अंतिम ऑपरेशनल क्लीयरेंस वेरिएंट के 20-20 स्क्वाड्रन शामिल हैं. इससे पहले रक्षा मंत्रालय की ओर से 83 एलसीए एमके1ए वेरिएंट के लिए 6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऑर्डर फरवरी 2021 में एचएएल को दिया गया था, जिसकी साल 2024 तक डिलीवरी होने की उम्मीद है. यह मिग-21 से रिप्लेस होगा. भारतीय वायुसेना आत्मनिर्भर भारत पर जोर देते हुए अपने देश में बनाए गए विमानों की ओर भी रुख कर रही है. इससे पहले भारतीय वायुसेना ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की ओर से बनाए गए पहले हल्के फाइटर प्लेन को अपने बेड़े में शामिल किया था. यह दो सीटों वाला एलसीए तेजस हर मौसम के लिए कारगर है.



## सरकार कांग्रेस की बनेगी, अशोक गहलोत का दावा

*__नई दिल्ली।__ राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग हो चुकी है. 3 दिसंबर को इसके नतीजे आएंगे. चुनाव के परिणाम आने से पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया है. उन्होंने कहा कि अगर बीजेपी का धर्म कार्ड नहीं चला तो उनकी सरकार बनेगी. मुख्यमंत्री ने कहा, चुनाव के दौरान बीजेपी ने प्रदेशभर में धर्म के नाम पर डर फैलाने वाली और तनाव भरी बातें कीं. ऐसे में यहां बीजेपी का धर्म कार्ड चल गया तो अलग बात है. वरना राजस्थान में हम सरकार बनाएंगे. गहलोत ने दावा किया कि राजस्थान सहित 5 राज्यों में से किसी में भी बीजेपी नहीं जीतेगी. इंडिया टुडे के मुताबिक गहलोत ने एग्जिट पोल के लेकर कहा, आप एग्जिट पोल और सर्वे पर न जाएं. राजस्थान में कांग्रेस वापसी करेगी और सरकार बनाएगी. उन्होंने बीजेपी पर ध्रुवीकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि पीएम मोदी, अमित शाह और योगी आदित्यनाथ ने धर्म के नाम पर ध्रुवीकरण करने की कोशिश की. उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के सत्ता में वापस लौटने की 3 वजह हैं. इस सबसे पहला कारण यह है कि सरकार के खिलाफ कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं है. दूसरा, यह है कि कांग्रेस ने यहां विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी और बीजेपी के वोटर भी यही बात कहते हैं. कांग्रेस का सत्ता वापसी का तीसरा कारण यह है प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, बीजेपी मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय मंत्रियों ने चुनाव प्रचार में जिस तरह का भाषा का इस्तेमाल किया. वह लोगों को पसंद नहीं आया. बता दें 200 सीटों वाले राजस्थान विधानसभा के लिए 25 नवंबर को मतदान हुआ था. हालांकि, एक सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार के निधन के चलते 199 सीटों पर ही वोटिंग हुई थी. चुनाव आयोग के मुताबिक राज्य में कुल 74.96 प्रतिशत मतदान हुआ था है, जो 2018 की तुलना में 0.9 प्रतिशत ज्यादा है. राजस्थान में पिछले 30 साल से हर बार सरकार बदलने का ट्रेंड रहा है. यहां 1993 में बीजेपी ने जीत हासिल की थी. इसके बाद 1998 में हुए चुनाव में कांग्रेस ने सत्ता हासिल की. इसके बाद 2003 में एक बार फिर जनता ने बीजेपी को जीत दिलाई. इसके बाद 2008 में कांग्रेस, 2013 में बीजेपी, 2018 में कांग्रेस सरकार बनाने में सफल हुई.*

## तेलंगाना में 63.94 फीसदी वोटिंग

**नई दिल्ली।** तेलंगाना में गुरुवार (30 नवंबर) को वोटिंग पूरी हो गई है. चुनाव आयोग के मुताबिक तेलंगाना में 5 बजे तक 63.94त्न मतदान हुआ. इस दौरान कुछ बूथों पर झड़प की खबरें भी सामने आई. मतदान के बाद सभी दल अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहें हैं. वोटिंग के नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे. मतदान के बाद तेलंगाना के एग्जिट पोल भी आना शुरू हो जाएंगे. तेलंगाना में एबीपी न्यूज के लिए सी-वोटर्स ने एक एग्जिट पोल किया है. इस एग्जिट पोल के नतीजे कुछ देर में सामने आ जाएंगे. इस एग्जिट पोल के लिए हर सीट पर सर्वे किया गया है. इससे पहले चुनाव आयोग ने एग्जिट पोल दिखाने की टाइमिंग को लेकर एक बड़ा बदलाव किया था. नए नोटिफिकेशन के मुताबिक 30 नवंबर शाम 5.30 बजे के बाद से एक्जिट पोल दिखाए जा सकते हैं. इससे पहले चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में मतदान की शुरुआत में 7 नवंबर सुबह 7 बजे से 30 नवंबर शाम 6.30 बजे तक रोक लगा रखी थी.

मतदान के बाद सभी दल अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं. तेलंगाना बीजेपी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, ÷हमें चुनाव में अच्छे नतीजों की उम्मीद है. मैं नागार्जुन सागर में हुई घटना की निंदा करता हूं. तेलंगाना सरकार ने नागार्जुन सागर बांध को केआरएमडी के तहत लाने के केंद्र सरकार के अनुरोध को खारिज कर दिया है. इसे तेलंगाना सरकार के राजनीतिक स्टंट के तौर पर देखा जा रहा है. मैं इस मुद्दे पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार को पत्र लिखूंगा. बीआरएस एमएलसी के कविता ने कहा कि हर तरफ से अच्छी खबर है. हम पहले से ही जश्न मना रहे हैं. दुर्भाग्य से इस बार वह (बीजेपी) कोई जश्न नहीं मना पाएगी. पिछली बार भी उन्होंने भ्रम पैदा करने की कोशिश की थी और बीआरएस की जीत हुई. इस बार भी बीआरएस की जीत होगी. गौरतलब है कि तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति, कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है. इस बार बीआरएस के पास सत्ता बचाने की चुनौती है. वहीं, कांग्रेस भी तेलंगाना में सरकार बनाने की कोशिश कर रही. इसके अलावा बीजेपी ने राज्य में पूरी जान लगा दी है.

# राम मंदिर अयोध्या से आये कलश की दबोह में निकली विशाल शोभायात्रा

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक
पुष्पांजली टुडे

**दबोह-** राम जन्म भूमि अयोध्या से आये पीले अक्षत ( चावल ) कलश की आज दबोह नगर में एक शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख्य मार्गो से गुजरती हुई मंडी प्रांगण बाले हनुमान मंदिर पर समापन हुई।अयोध्या में श्री राम लला के नव निर्मित मन्दिर में कलशों का पूजन कराया गया था।वही कलश गुरुवार को दबोह नगर पहुचा जिसका मंडी बाले हनुमान मंदिर पर विधिवत पूजन किया गया।इसके पश्चात यह कलश चोक मोहल्ला चुंगी बाली माता देवी के मंदिर से सेंक?ा सनातनियो ने एक विशाल चल समारोह निकाला।जो रीक्षा मोहल्ला,गणेश



चोक,बस स्टैंड,से होता हुआ पतारा बाग हनुमान मंदिर पर पहुचा।जहाँ उस कलश का पूजन कराया गया।इसके बाद यह चल समारोह कोच तिराहा, लक्ष्मी की दुकान,गायत्री नगर से होता हुआ।अंत मे मंडी प्रांगण के हनुमान मंदिर पर पहुच कर कलश का बिधि बिधान से पूजा अर्चना की गई।इस कलश चल सामारोह का पूरे रास्ते मे नगर के सनातनियो भाइयो तथा महिलाओं ने अपने अपने दरबाजे पर पूजन किया और राशि भेंट की।बता दे कि इस कलश में राम लला के मंदिर से पीले अक्षत( चावल )आये है जो नगर बासियों को अयोध्या में नव निर्मित मन्दिर में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन आमंत्रण के रूप में भेंट किये जायेंगे।ज्ञात रहे कि 22 जनवरी को प्रभु श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

# 09 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे

न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का पक्षकारों के बीच आपसी सहमति से निराकरण करने के लिए आगामी 09 दिसंबर को जिले के सभी न्यायालयों में नेशनल लोग अदालत का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे पक्षकार जो अपने प्रकरणों का लोक अदालत में निराकरण करना चाहत हैं उनसे अपील की गई है कि वे अपनी सहमति संबंधित न्यायालय को शीघ्रता से दें।

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुनिल कुमार जैन ने बताया कि 09 दिसंबर को मण्डलेश्वर, खरगोन, बड़वाह, सनावद, कसरावद, महेश्वर एवं भीकनगांव के न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार जिला एवं तहसील न्यायालय स्तर पर भी प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के लिए लोक अदालत का आयोजन होगा। लोक अदालत में सिविल, क्रिमिनल, क्लेम, विद्युत, बीमा आदि के लंबित प्रकरणों का पक्षकरों के बीच आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा।

न्यायालयों में प्रकरणों के लंबित रहने से पक्षकारों को मानसिक एवं आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोक अदालत में प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण होने पर पक्षकारों को मानसिक शांति मिलती है और उन्हें न्यायालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलती है।

## 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना के लिए तैयारियां लगभग पूर्ण

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव के निर्देश पर भिण्ड जिले में तीन दिसम्बर को होने वाली मतगणना के लिए तैयारी लगातार जारी है और अब अंतिम दौर में चल रही है।मतगणना में लगे शासकीय कर्मचारियों के लिए मतगणना स्थल पर आने की व्यवस्थाएं अलग की गई है। इसके साथ ही प्रत्याशियों के मतगणना एजेंट के लिए अलग व्यवस्था रहेंगी। इसके लिए साइन बोर्ड भी लगाए जा रहे है।

विधानसभा क्षेत्र 09-अटेर के लिए ई.व्ही.एम. की टेबल 21 और पोस्टल बैलेट टेबल 03, विधानसभा क्षेत्र 10-भिण्ड के लिए ई.व्ही.एम. की टेबल 21 और पोस्टल बैलेट टेबल 05, विधानसभा क्षेत्र 11-लहार के लिए ई.व्ही.एम. की टेबल 16 और पोस्टल बैलेट टेबल 03, विधानसभा क्षेत्र 12-मेहगांव के लिए ई.व्ही.एम. की टेबल 18 और पोस्टल बैलेट टेबल 03 एवं विधानसभा क्षेत्र 13-गोहद (अ.जा.) के लिए ई.व्ही.एम. की टेबल 14 और पोस्टल बैलेट टेबल 02 लगाई गई हैं। 03 दिसंबर को सुबह प्रेक्षक और प्रत्याशियों की उपस्थिति में स्ट्रॉन्ग रूम खोला जाएगा। मतगणना के दिन सबसे पहले डाक मत पत्र मतों की गिनती शुरू होगी उसके बाद ईवीएम से मतगणना शुरू की जाएगी।

# कलेक्टर ने किया मतगणना तैयारियों का निरीक्षण

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा ने आज 30 नवंबर को पीजी कॉलेज खरगोन में मतगणना की तैयारियों का निरीक्षण किया और मतगणना के लिए अब तक की गई व्यवस्थओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड़, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती स्वाति मिश्रा, एसडीएम श्री भास्कर गाचले एवं मतगणना कार्य से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले की छः विधानसभाओं की मतगणना के लिए बनाए गए मतगणना कक्षों में की गई तैयारियों को देखा और जहां सुधार की आवश्यकता थी उसमें सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने गणना कर्मियों के मतगणना टेबल तक आने के मार्ग एवं प्रत्याशियों के गणना अभिकर्ताओं के मतगणना टेबल तक आने के मार्ग का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम से ईव्हीएम लेकर गणना स्थल तक लाने की व्यवस्थाओं को भी देखा। उन्होंने मतगणना के दिन पत्रकारों की सुविधा के लिए बनाए जा रहे मीडिया सेंटर एवं उसकी व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था एवं गणना कर्मियों के लिए नाश्ते एवं भोजन की व्यवस्था का भी जायजा लिया। मतगणना के दिन मतगणना टेबल तक ईव्हीएम व्यवस्थित तरीके से लायी जा सके इसके लिए रनर के अलग-अलग कलर कोड निर्धारित किये गए हैं। जिससे पहचान हो सकेगी कि किस कलर की टी-शर्ट वाले रनर किस विधानसभा क्षेत्र के हैं।

**गणना कर्मियों एवं गणना अभिकर्ताओं के प्रवेश के लिए गेट निर्धारित-** 03 दिसंबर को मतगणना के दिन मतगणना स्थल पीजी कॉलेज में प्रवेश के लिए मतगतणना कर्मियों एवं प्रत्याशियों के गणना अभिकर्ताओं के लिए अलग-अलग गेट निर्धारित किए गए हैं। मतगणना कर्मी मण्डी गेट से पीजी कॉलेज़

# कथा श्रवण करने वालों के दुख दूर कर देते हैं महादेव :पं. प्रदीप मिश्रा

## दंदरौआ धाम में चल रही शिवमहापुराण की कथा

उमाकान्त शर्मा
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड।** जो व्यक्ति शिव की भक्ति करता है उसे बाबा महादेव कभी अप्रसन्न नहीं रहने देंगे। जो व्यक्ति घर नहीं छोड़ पाते हैं दुकान नहीं छोड़ पाते हैं, जो व्यक्ति घर छोड़कर, दुकान छोड़कर दंदरौआ धाम में शिव महापुराण पुराण की कथा सुन रहे हैं उन व्यक्ति के बाबा महादेव हमेशा दुख दूर करेंगे। यह उद्गार दंदरौआ धाम में गुरु महाराज मंहत बाबा पुरुषोत्तमदास जी महाराज की पुण्य स्मृति में आयोजित हो रहे 27वे वार्षिक महोत्सव के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले द्वारा शिव महापुराण की कथा के दौरान प्रवचन करते हुए व्यक्त किए।उन्होंने प्रवचन करते हुए कहा कि जो व्यक्ति शिव की भक्ति करता है उसके बनने में कुछ देर जरूर लगती है लेकिन बनता जरूर है, शिव की भक्ति कभी खाली नहीं जाती है। व्यक्ति का भगवान पर भरोसा, समर्पण और विश्वास



जितना पक्का होगा, भोलेनाथ उस व्यक्ति के दुख पूरी तरह दूर कर देते हैं। उन्होंने कहा कि सलाह और संयोग दो शब्द अलग-अलग है लेकिन इन दोनों में बहुत बड़ा अंतर है जो जमीन और आसमान का अंतर है। इस संसार में सलाह देने वाले बहुत मिल जाते हैं लेकिन सहयोग देने वाले नहीं मिलते है।उन्होंने कहा कि भगवान राम के पास सलाह देने वाले कम थे सहयोग देने वाले बहुत थे जबकि रावण के पास सलाह देने वाले ज्यादा थे और सहयोग देने वाले एक आध ही थे। आजकल संसार में सलाह देने वाले बहुत मिल जाएंगे लेकिन सहयोग देने वाले कोई नहीं मिलते हैं।शिव महापुराण कथा दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक किया जा रहा है। सुबह 10बजे से संगीतमय सुन्दर कांड का पाठ अजय याज्ञिक द्वारा किया गया कथा का आयोजन 28 नवम्वर से आरंभ होकर 2 दिसम्बर तक चलेगा। यज्ञाचार्य पं. रामस्वरूप शास्त्री द्वारा अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए यज्ञ पूजन प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक कराया जा रहा है।तथा कार्यक्रम की व्यवस्था वृंदावन धाम के महंत श्रीश्री 108 राधिकादास महाराज देख रहे हैं। कथा श्रवण के लिए कथा पण्डाल में जरेरूआ सरकार, महंत कालिदास महाराज तेजपुरा, रामवरन पुजारी,कई राजनैतिक लोग व समाजसेवी सहित लाखों की संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में किया नृत्य



दैनिक पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलूरू। एट्रिया इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी हेब्बाला सांस्कृतिक समिति द्वारा कन्नड़ उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने ध्वजारोहणकर मां भुवनेश्वरी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। हच्चेवू कन्नड़दा दीपा गीत पर विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुति दी जिससे वातावरण कन्नड़ मय हो गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ राजेश, संस्कृति संयोजक अर्चना, भास्कर, प्रोफेसर पवित्रा, डॉ ऐश्वर्या ,डॉ नलिनाक्षी एवं विद्यार्थियों ने मुणोत को सम्मानित किया।**

# गोल्ड मेडल जीतने पर पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने किया सम्मानित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**अलीगढ़।** अतरौली नगर के युवा पावरलिफ्टर ऐश्वर्या ठाकुर ने नेशनल बेंच प्रेस चैंपियनशिप में गोल्ड जीतकर प्रथम आगमन पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ियों एवं नगर खेल प्रेमियों के द्वारा पैठ चौराहे से नगाइचपाड़ा स्थित घर तक रोड शो का आयोजन किया गयापूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी करणी सेना के प्रदेश प्रवक्ता मनोज चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि बेंगलुरु में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप में 83 किलोग्राम भार वर्ग में 145 किलो वजन उठाकर ऐश्वर्या ठाकुर पुत्र श्री नंदन सिंह



एडवोकेट निवासी मोहल्ला नगाइचपाडा के गोल्ड मेडल जीत कर प्रथम आगमन पर ऐश्वर्या ठाकुर एवं कोच अरुण राज को पुष्प वर्षा करते हुए नगर वासियों ने फूल माला पहनकर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र लोधी पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी संदीप शर्मा राकेश गौतम क्रिकेट कोच रिजवान खान गौरव शर्मा विकास अग्रवाल मुकेश मलिक सभासद वरुण चौधरी राय बहादुर रमाशंकर शर्मा कोच शिखा भावना एडवोकेट नीलिमा पाठक उषा नगाइच राधा मलिक शांति शर्मा नीरज शर्मा मंजू शर्मा मालती शर्मा अर्चना ठाकुर कीर्ति ठाकुर आदि ने शुभकामनाएं दी

# मुरैना जिले के ग्राम पढ़ावली में पीने के पानी की किल्लत पीने के पानी की व्यवस्था करने में पीएचई विभाग के अधिकारी कर्मचारी फिसड्डी

**मुरैना।** जिला मुख्यालय से लगभग 30,35, किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पढ़ावली में शासन प्रशासन द्वारा लाखों, करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी पीने के पानी की किल्लत बनी हुई है आपको बता दें कि ग्राम पढ़ावली में पुरातत्व विभाग के संरक्षित स्मारक गढ़ी पढ़ावली व मंदिर समूह बटेश्वर पर पर्यटकों का आवागवन बना रहता है अगर पर्यटकों द्वारा आवागवन करने वाले रोड के आसपास पीने का पानी मांगा जाता है तो ग्रामीणों द्वारा जवाब दिया जाता है कि या तो पानी है नहीं या है भी तो पानी खारा है जिसकी जांच लगभग दो तीन वर्ष पहले लैब में हो चुकी है जो पीने योग्य नहीं है ये जवाब मिलता है जिसकी शिकायत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में मुरैना ब्लॉक से लेकर मध्य प्रदेश शासन बल्लभ भवन मंत्रालय भोपाल तक की जा चुकी है लेकिन आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई है जब कि मध्य प्रदेश सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान की पहल थ

# संयम यात्रा और तीर्थ यात्रा का प्रारंभ

दैनिक पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलूरू ।**श्री शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्ति पूजक जैन संघ श्रीरामपुरम एलन पुरम बेंगलुरू में चातुर्मास का हुआ समापन, आज सुबह प्रातः वेला में श्री श्री शत्रुंजय महातीर्थ की भाव यात्रा हुई, मुनि राजपद्मसागरजी एवं मुनि श्रमणपद्मसागरजी की पवन निश्रा में शिद्धाचल महातीर्थ के पांच चैत्य वंदन के द्वारा परमात्मा की स्तुति व स्तवन एवं परमात्मा के गुणगान करते हुए शत्रुंजय महातीर्थ की भावयात्रा की, और आज के दिन कार्तिक पूर्णिमा का महत्व यह है, आज के दिन 10 करोड़ मुनियों के साथ में द्राविड़ वारीखिल ने अपने पापों से मुक्त होकर के, कर्मों की जंजीरों से मुक्त होकर के सिद्ध शिला में पधारे थे और आज के दिन सर्वज्ञ श्री हेमचंद्राचार्य जी का जन्मदिन है ऐसे आचार्य भगवंत जो शासन को मिले हैं जिन्होंने शासन के लिए बहुत काम किया है ऐसे हेमचंद्राचार्यजी ने कुमारपाल महाराज को प्रतिबोध करके पूरे 18 देश के अंदर उन्होंने अहिंसा का पालन करवाया था ऐसैं आचार्य भगवंत को भावभीनी वंदना एवं हमारे परिवार के उपकारी श्री साध्वीजी महत्तरा सुमंगलाश्रीजी म.सा का आज जन्मदिन है,आज साधु भगवंत की विहार यात्रा का प्रारंभ हो गया, आज चातुर्मास परिवर्तन के लाभार्थी श्री सुगनी बाई मंगल चंद आच्छा नरेंद्र भाई आच्छा के निवास स्थान पर मुनि राजपद्मसागरजी मुनि श्रमणपद्मसागर जी का आज चातुर्मास परिवर्तन हुआ, और इस चातुर्मास परिवर्तन में अनेक लोगों ने आकर के महाराज साहब को विहार यात्रा की शुभकामनाएं दी और मंगल आशीर्वाद बरसाए।



# वरिष्ठ महिला चिकित्सक विमलेश गौतम की सेवानिवृत्ति पर हुआ विदाई समारोह आयोजित

दैनिक पुष्पाजलि टुडे

**गोहदः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद में पदस्थ वरिष्ठ महिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विमलेश गौतम के सेवानिवृत्ति के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद में स्वास्थ्य विभाग की ओर से विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अपने संबोधन में डॉक्टर विमलेश गौतम एनेस्थीसिया विशेषज्ञ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सा देना मेरा ध्येय था मेरी पोस्टिंग 1998 में गोहद हुई इन वर्षों में यहां के लोगों का जो प्यार , सम्मान मिला उसे में जीवन भर नहीं भूल सकूंगी यहां सभी स्टाफ का भरपूर सहयोग मिला जब से मेरी पदस्थापना गोहद में हुई तब से आज तक अस्पताल के समस्त स्टाफ से सहयोग और सम्मान भरपूर मिला जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आलोक शर्मा ने कहा कि डॉक्टर विमलेश गौतम मैडम से बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला मुझे हर परिस्थिति में बहुत ही सहयोग मिला डॉ वीरेन्द्र सिंह ने कहा मैडम से चिकित्सा क्षेत्र में बहुत कुछ सीखने को मिला जो हम सब को भविष्य में बहुत काम आने वाला है डॉक्टर सिखा सिंह ने कहा कि वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी गौतम मैडम के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद उत्तरोत्तर तरक्की कर रहा है डॉक्टर धर्मेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा डॉक्टर विमलेश गौतम मैडम का




व्यवहार स्टाफ के साथ हमेशा मधुर रहा मैडम ने कोरोना काल में जो कार्य किया वह बहुत ही सराहनीय है उन्होंने अपनत्व की भावना रखते हुए महिला मरीजों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए डांट डपट भी की साथ ही गोहद अस्पताल में ही सीजर भी मैडम के सहयोग से सक्सेस हुए हैंकार्यालय की ओर से बीपीएम वीरेंद्र अटल ने कहा मैडम के द्वारा जो स्वास्थ्य सेवाएं केन्द्र में दी गई वह बहुत ही सराहनीय और कभी भी भुलाई नहीं जा सकती है रेडियोग्राफर रवि जोशी ने कहा गौतम मैडम हमेशा स्वास्थ्य सेवाएं के क्षेत्र में चौबीस घंटे तत्पर रही कभी भी किसी भी आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं मैं मैडम अस्पताल में उपलब्ध रहती है इस अवसर अस्पताल स्टाफ के कई लोगों के वक्तव्य दिए इस अवसर पर डॉक्टर राजेश शर्मा, गुर्जर ,डॉक्टर धीरज गुप्ता ,विक्रम मिलन, डॉक्टर प्रांजल सिंह, नर्सिंग आफीसर उषा राय,लेखा श्रीवास्तव, नेहा , सोनाली प्रतिभा, मुस्कान,सुरभि, पूजा, रूपाली, फार्मासिस्ट श्रीकांत,प्रभात, स्नेहलता जानकी तोमर, गेंदालाल, संजू गर्ग, सत्यवती, सतेन्द्र, प्रदीप भटेले, दुर्गा प्रसाद, अनिल,प्रेमलता गुप्ता, मालती गुप्ता, लैब टेक्नीशियन लोकरंजन श्रीवास्तव, मुनेंद्र बघेल,डॉक्टर निकिता सिंघल डॉक्टर विक्रम मिलन, डॉक्टर अर्जुन सिंह भदौरिया , गौरव बाथम इत्यादि अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहा।

# जीत हार अपनी जगह लेकिन धर्म ध्वजा को थामने और पुरातन पंरपराओ को जीवित रखने का कार्य किया है शर्मा परिवार ने

सिरोंज
अभिषेक कुशवाह

**जीत** - हार भाजपा की हो या कांग्रेस लेकिन एक बात स्पष्ट है कि वर्तमान विधायक भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा एवं उनके परिवार के द्वारा जो धर्म ध्वजा को थामने एवं,पुरातन परंपराओ को जीवित रखने का कार्य जो कि वर्षो से किया जाता रहा है वह आज भी उसी तारतम्य में चल रहा है यह वाकई अद्भुत और दर्शनीय है वही आज के समय में जहां हर जगह पाश्चात्य संस्कृति के प्रभावशील होने से कई धार्मिक ,सांस्कृतिक परंपरायें लुप्त प्रायः होती जा रही है ऐसे समय में भी आज नगर में कोई भी त्यौहार हों उसे उत्सव का रूप देना और पांरपारिक तरीके से नगरवासियो के साथ मिलकर आयोजन को भव्यता प्रदान करने के साथ परंपाराओ को जीवित रखने की ललक सिर्फ इसी परिवार के साथ देखने को मिलती है चाहे इनके बडे भाई पंडित श्री नालिनी कांत शर्मा हो या फिर पूर्व मंत्री स्व श्री लक्ष्मीकांत शर्मा सहित पूरे परिवार के द्वारा सनातन संस्कृति के लिये जो योगदान दिया जाता रहा है यही कारण है कि आज सिरोंज - लटेरी सहित अंचलीय जन स्वयं को इस परिवार के प्रति समर्पित रखते है हो सकता है यह विषय राजनैतिक न हो लेकिन अभी हाल ही में हुऐ विधानसभा चुनाव मे परिवार के इस समपर्ण एवं कार्यकर्ताओ के प्रेम रूपी स्वरूप भी देखने को मिल सकता है ।

अमित शाह के आगमन , लाडली बहना , और बेहतर मैनेजमेंट से भाजपा का दिखा पलडा भारीचुनाव में परिणामो से पहले किसी की जीत हार की घोषणा करना जल्दबाजी होती है लेकिन फिर भी यदि सिरोंज लटेरी विधानसभा



के चुनाव को प्रारंभ से देखे तो आपको यह टक्कर का समझ आयेंगा लेकिन जैसे जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आती गई मतदाताओ का मत एवं चौक चौराहो की चर्चाओ में भी बदलाव देखने को मिला यदि यहां हम विशेष रूप से बात करें तो यहां देश के ग्रह मंत्री अमित शाह के आने एवं उनके ओजस्वी भाषण के बाद से ही नगर का माहौल एवं चर्चाओ में परिवर्तन देखने को मिलने लगा था इसके साथ ही लाडली बहनो का बडा हुआ वोट प्रतिशत और भाजपा प्रत्याशी का बेहतर मैनेजमेंट साथ ही आखिरी समय में सपाक्स प्रत्याशी अखिलेश जैन, निर्दलीय प्रत्याशी हेंमंत कुशवाह अन्य कई कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओ के द्वारा भाजपा को दिया गया समर्थन जहां कांग्रेस को कमजोर करने का तो वही भाजपा को मजबूत करने का काम किया है , हालांकि परिणामो को आने में अभी समय है ।

**किसके सर बंधेगा सेहरा यह प्रश्न अभी शेष है** -17 नवंबर को प्रत्याशियो की किस्मत ईवीएम मे कैद हो गई थी 3 दिसंबर को मतगणना के बाद ही प्रत्याशियो की जीत हार तय होंगी वैसे भी सिरोंज - लटेरी विधानसभा का चुनाव मुख्य रूप से भाजपा कांग्रेस के बीच ही रहता है लेकिन सिरोंज लटेरी विधानसभा की बात करें तो यहां 14 प्रत्याशियो के द्वारा अपनी किस्मत अजमाई गई है साथ ही चौक - चौराहो गॉव गलियो में परिणामो को लेकर जीत हार को लेकर कयास लगायें जा रहे है और कोई भाजपा को जीत तो कोई कांग्रेस की जीत बता रहा है वही कई लोग करीबी मुकाबला होने की संभावना जता रहे है असल परिणाम क्या होंगा या कौन बनेंगा विधायक किसके सर पर बंधेगा सेहरा इसका फैसला 3 दिसंबर को ही होंगा । हालांकि इस वर्ष हर बार की अपेक्षा वोटिंग प्रतिशत में बडोत्तरी देखने को मिली है इस बार अभी तक का सर्वाधिक मतदान लगभग 81.5 प्रतिशत हुआ है महिलाओ ने भी वोटिंग में बड चडकर हिस्सा लिया है इस बार प्रत्याशियो का इंतजार थोडा लंबा जरूर हो गया है उसका भी एक कारण था कि अन्य राज्यो के चुनाव की अंतिम तिथि 30 नवंबर थी इस कारण से परिणाम में देरी हुई है लेकिन अब मात्र दो दिन ही शेष है ।

**प्रशासन के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ शांतिपूर्ण मतदान-** बीते 17 नवम्बर को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुऐ विधानसभा चुनाव ने सिरोंज की जनता के बीच एक नई इबारत लिख दी है। पुलिस अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन के बेहतर तालमेल से न सिर्फ समूचे विधानसभा में शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव हुआ बल्कि अति संवेदनशील समझे जाने वाले मतदान पोलिग पर किसी भी प्रकार की उत्तेजित कर देने वाली घटना देखने को नहीं मिली

# रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के छात्र-छात्राओं ने जिले में किया कृषि अध्ययन का सर्वे

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के कृषि, उद्यानिकी एवं वानिकी के 8 छात्रों एवं 6 छात्राओं ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी में भा.कृ.अनु.प.-अटारी जोन 9 जबलपुर के समन्वय से शिवपुरी जिले के दलहन प्रधान विकासखण्डों कोलारस, बदरवास, पोहरी एवं शिवपुरी के 35 से अधिक ग्रामों में 446 किसानों एवं कृषक महिलाओं के साथ ग्रामीण क्षेत्र में जाकर कृषि तकनीकी जानकारी का सर्वे किया।

उक्त सर्वे कार्य के लिए निदेशक निदेशक विस्तार सेवाएं,



प्रसार शिक्षा डॉ.एस.एस. सिंह आर.एल.व्ही.सी.ए.यू. द्वारा रा.वि.सिं.कृ.वि.वि. ग्वालियर के समन्वय में कार्य करते हुए यह कार्य कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. पुनीत कुमार एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एम.के. भार्गव द्वारा सहभागिता कराते हुए संपन्न कराया गया।

रावे छात्र-छात्राओं के दल की समन्वयक डॉ. अनुसुइया पांडा एवं डॉ. मिहिररंजन पांडा ने जिले के स्थानीय कृषि सर्वे (एल.डी.एस.) के लिए समन्वय को आगामी अध्ययन एवं कार्ययोजना के लिए बहुत उपयोगी बतलाया तथा केन्द्र के प्रति आभार भी व्यक्त किया गया।उक्त सभी कार्य में कृषि विज्ञान केन्द्र के अन्य स्टाफ का भी सहयोग रहा।

# पुलिस आरक्षक व उनके साथियों ने बेरहमी से की ऑटो चालक की मारपीट आई चोट

**भिंड/ मालनपुर ।** भिंड जिले के पुलिस थाना मालनपुर के अंतर्गत एक ऑटो चालक की पुलिस आरक्षक व उनके साथियों बेरहमी से मारपीट कर दी जिसके कारण डरे सहमे ऑटो चालक द्वारा पुलिस थाना मालनपुर के थाना प्रभारी संतोष यादव को एक शिकायती पत्र आवेदन देते हुए पुलिस आरक्षक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है जबकि इसकी जानकारी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को भी दी गई थी जानकारी के अनुसार मुरैना जिले के रिठौरा कला निवासी नरेश गोस्वामी पुत्र नाथूराम गोस्वामी निवासी ग्राम रिठौरास कलां द्वारा बताया गया है कि मैं ऑटो चलाकर अपना एवं अपने परिवार का भरण पोषण करता हूं घटना दिनांक 22/ 11/ 2023 दोपहर की है जब मैं ग्वालियर से ऑटो में सवारी लेकर मालनपुर पहुंचा वहां पर सवारियों को छोड़ने के बाद एटलस तिराहे पर होटल पर नाश्ता करने लगा तभी मालनपुर पुलिस थाने के पुलिस आरक्षक आदित्य गुर्जर अन्य दो साथियों के साथ पुलिस थाना मालनपुर से आए और ऑटो चालक द्वारा बताया कि मेरे पास आकर उन्होंने कहा कि बिजली की केवल एवं अन्य सामान है जो अपनी गाड़ी ऑटो में रखकर थाने तक ले चलोगे चोरी का समान है जो कि हमने पकड़ा है तो ऑटो चालक द्वारा डरते हुए थाने तक ले




जाने से इनकार कर दिया इसी पर पुलिस वाले चिड़चिड़ा उठे तथा लात घूंसो से बेरहमी से मारपीट करते हुए ऑटो चालक को थाने तक ले गए तथा धमकियां भी थी कि तुझे किसी गंभीर अपराध में फंसा देंगे जिससे तेरा और तेरी ऑटो का पता नहीं चलेगा ऐसा कहते हुए थाने में बिठा दिया जब अन्य अपने साथियों को ऑटो चालक ने सूचना दी तब थाना प्रभारी व पुलिस थाने के स्टाफ पर इधर-उधर से फोन आए तब शाम को छोड़ा जिसका शिकायती आवेदन पत्र पुलिस थाना प्रभारी मालनपुर संतोष यादव को देते हुए ऑटो चालक ने आरक्षक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है लेकिन आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही आरक्षक के विरुद्ध नहीं की गई है जब कि सूत्र बताते हैं कि पुलिस थाना में पदस्थ आरक्षक आदित्य गुर्जर काफी लंबे समय से अपनी इसी प्रकार दबंगई दिखाते हुए हौसले बुलंद बनाए हुए हैं जब इस बात की सूचना घटना के समय तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम भिंड के साथ साथ पुलिस थाना मालनपुर के थाना प्रभारी संतोष यादव सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को भी सूचना दी गई थी लेकिन पुलिस के अधिकारी पुलिस आरक्षक के विरुद्ध आज दिनांक तक कार्यवाही करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं इस प्रकार मालनपुर पुलिस पर सवालिया निशान खड़े होते हैं कि क्या पुलिस आरक्षक आदित्य गुर्जर की गुंडागर्दी इसी प्रकार चलती रहेगी या पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुलिस आरक्षक व उनके साथियों के विरुद्ध



जिन्होंने ऑटो चालक की मारपीट की उन पर कार्यवाही करने की हिम्मत जुटा सकेंगे या नहीं इस प्रकार ऑटो चालक रिठौरा कला

**इनका कहना है कि,**
**मै अभी मेडिकल पर हूं पहुंच कर देखता हूं।**
**संतोष यादव**
**थाना प्रभारी**
**पुलिस थाना मालनपुर**
**जिला भिंड**
शेष अगले अंक में...

निवासी नरेश गोस्वामी पुत्र नाथूराम गोस्वामी पुलिस थाना मालनपुर की पुलिस से भयभीत है तथा पुलिस आरक्षक के विरुद्ध कार्यवाही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाएगी उसकी वाट जोह रहा है

# निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत मतगणना का अक्षरशः पालनकर पारदर्शिता के साथ की जायेगी - जिला निर्वाचन अधिकारी

## मतगणना में पोस्टल बैलेट की गिनती प्रातः 8 बजे और ईव्हीएम की गिनती प्रातः 8.30 बजे से होगी

### पोस्टल बैलेट लिफाफे 3 दिसंबर को प्रातः 7.59 बजे तक गिनती में सम्मिलित किये जा सकेंगे

### मुरैना विधानसभा के लिये 18 और अन्य विधानसभा क्षेत्रों के लिये 14-14 टेबलें लगाई जायेंगी

**मुरैना।**विधानसभा निर्वाचन 2023 की मतगणना 3 दिसंबर को पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना के कक्षों में प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी। इसके लिये जिला प्रशासन ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित अस्थाना ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अभ्यर्थियों एवं उनके एजेंटों को पॉलीटेक्निक की मतगणना प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत मतगणना का अक्षरशः पालनकर पारदर्शिता के साथ की जायेगी। मतगणना में पोस्टल बैलेट की गिनती प्रातः 8 बजे और ईव्हीएम की गिनती प्रातः 8.30 बजे से होगी। पोस्टल बैलेट लिफाफे 3 दिसंबर को प्रातः 7.59 बजे तक गिनती में सम्मिलित किये जा सकेंगे और इसके उपरांत प्राप्त होने वाले लिफाफे गणना में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि मुरैना विधानसभा क्षेत्र में 18 और अम्बाह, दिमनी, सुमावली, जौरा



और सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिये 14-14 टेबलें लगाई जायेंगी। इसके अलावा पोस्टल बैलेट के लिये भी टेंबल लगाई जायेंगी। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, संबंधित रिटर्निंग ऑफीसर, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स सहित प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने बताया कि मतगणना पॉलीटेक्निक कॉलेज के कक्ष क्रमांक 118 में अम्बाह, 119 में दिमनी, 120 जौरा की मतगणना की जायेगी। इन विधानसभाओं में गणन एजेन्ट को अपने-अपने कक्षों में पहुंचने के लिये पॉलीटेक्निक के पिछले भाग यानी उत्तर दिशा प्रवेश दिया जायेगा। कक्ष क्रमांक 108 में सुमावली, 123 में मुरैना और 124 में सबलगढ़ विधानसभा की गणना होगी। इन कक्षों में प्रवेश करने के लिये एजेन्टों को पॉलीटेक्निक कॉलेज के पूर्वी भाग से प्रवेश दिया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि मतगणना के दिन पॉलीटेक्निक के सामने मुख्य सड़क पर वाहन एवं आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, अम्बाह से आने वाले वाहन बायपास होकर और मुरैना से जाने वाले वाहन बायपास होकर ही अम्बाह जा सकेंगे। कलेक्टर ने कहा कि पॉलीटेक्निक कॉलेज तक पहुंचने के लिये एजेन्ट स्वयं के वाहन से जाने की अनुमति होगी। जिसमें वाहन स्वयं चलाकर जाना होगा। उस वाहन में जिस व्यक्ति का पास बना है, वही बैठकर जा सकेंगे। वाहन पॉलीटेक्निक पर पहुंचने के बाद वाहन की आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी।

# मध्यप्रदेश में निकाली जायेगी सृष्टि रचयिता भगवान विश्वकर्मा जी की भव्य रथयात्रा

**रिपोर्टर-प्रतीश अग्रवाल**
**पुस्पांजलि टुडे**

मधुसूदनगढ़ः प्रदेश के समस्त विश्वकर्मा समाज की अगुवाई में आने वाले वर्ष 2024 में सृष्टि के निर्माता भगवान विश्वकर्मा जी की रथयात्रा संपूर्ण मध्यप्रदेश में निकाली जावेगी जो प्रत्येक जिला मुख्यालय से होकर गुजरेगी यह यात्रा विश्वकर्मा समाज की सबसे बड़ी ऐतिहासिक एवं भव्य यात्रा होगी जैसा कि हम सभी को विदित है भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के रचयिता हैं देश की संपूर्ण सनातन मानव समाज आदि देव भगवान




विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना करते हैं भगवान विश्वकर्मा के समस्त अनुयायियों द्वारा जिला स्तर पर संयोजकों का गठन किया जा रहा है संयोजक अपनी-अपनी स्वेच्छा से यह दायित्व ले रहे हैं भोपाल के समाज सेवी और विचारक गुना जिला निवासी आर एस नरवर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश की समाज के वरिष्ठ सामाजिक समितियों द्वारा रथयात्रा की रूपरेखा तय करने को लेकर प्रदेश की सभी समितियों के अध्यक्षगणों एवं समाज के वरिष्ठ महानुभावों से संपर्क प्रारंभ कर दिया गया है प्रदेश के सामाजिक संगठन, वरिष्ठ, मार्गदर्शक, सलाहकार हेतु 11 सदस्यीय कमेटी एवं कार्यक्रम संचालन हेतु शीघ्र ही टीम का गठन किया जायेगा जिसमें संपूर्ण मध्यप्रदेश से सजातीय बंधुओं को जिलेवार जिम्मेदारी सौंपी जाएगी ताकि भगवान विराट विश्वकर्मा जी की प्रदेश में रथयात्रा भव्यता पूर्वक सफल हो सके इस पुनीत कार्य के लिए संपूर्ण मध्यप्रदेश में सोशल मीडिया के माध्यम से सामाजिक बंधु,विचारक एवं प्रचारक जुटे हुए हैं प्रदेश के विश्वकर्मा समाज बंधुओं को भगवान विश्वकर्मा रथयात्रा से जोड़ने का विनम्र आग्रह किया जा रहा है

## आदर्श आचरण संहिता का उलंघन कर सरकारी कर्मचारी लेता है राजनीति में भाग

# बीजेपी के प्रचार प्रसार सीएम की सभा रिठौरा कलां में जनता के बीच उपस्थित रहा ग्राम व पोस्ट पढ़ावली का पोस्टमैन जगमोहन शर्मा

मुरैना ---- चुनावी माहौल में सरकारी कर्मचारी निर्वाचन आयोग आदेशों की अवहेलना कर नियम कानून को तक पर रखकर राजनीति में भाग लेता रहा जहां पर दिनांक 17 नवंबर 2023 को वोटिंग भी होना थी तथा स्वतंत्र निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रशासन द्वारा चुस्त दुरुस्त व्यवस्था भी दिन प्रतिदिन की जा रही थी वहीं कुछ सरकारी कर्मचारी निर्वाचन आयोग के नियम कानूनों को ताक पर रखकर प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए आदर्श आचरण संहिता का खुला उलंघन करते हुए नजर आ रहे थे जी हां हम बात कर रहे हैं मुरैना जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम व पोस्ट पढ़ावली के पोस्टमैन जगमोहन शर्मा की जो कि बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ रिठौरा कलां में सीएम की सभा में जनता के बीचों बीच उपस्थित थे जिसका अब वीडियो वायरल हो रहा है जिसकी जनता में चर्चा भी है कि शायद निर्वाचन आयोग द्वारा कहीं इस सरकारी कर्मचारी पोस्ट पढ़ावली के पोस्टमैन जगमोहन शर्मा के लिए आदर्श आचरण संहिता में राजनीति करने के लिए छूट तो नहीं दी गई थी जब कि प्रशासन द्वारा सख्त लहजे में कहा गया था कि कोई भी सरकारी कर्मचारी प्रचार प्रसार में भाग नहीं लेगा लेकिन ये सरकारी कर्मचारी पोस्टमैन अपनी हरकतों से बाज नहीं आया जब




कि सूत्र बताते हैं कि यह पोस्टमैन जब भी चुनाव आता है तब प्रचार प्रसार कर वोट मांगने का काम करता है तथा गांव में राजनीति करता है जो कि सीएम की सभा में उपस्थित रहने से स्पष्ट होता है जब कि सूत्र बताते हैं कि पूर्व में भी गांव में ही उक्त पोस्टमैन जगमोहन शर्मा द्वारा अपने डाक्यूमेंट डांक फाड़ कर ग्रामीणों के विरुद्ध षण्यंत्र रचने की कोशिश की गई थी इस प्रकार ग्रामीण दहशत में हैं अभी तक जब से पोस्टमैन जगमोहन शर्मा की नियुक्ति हुई है तभी से आज दिनांक तक ग्राम पढ़ावली के पोस्ट ऑफिस में ही अपनी विभागीय अधिकारियों से गहरी साठगांठ कर पदस्थ हैं शायद उक्त पोस्टमैन के लिए कोई नियम कानून बना ही नहीं है जो कि उक्त पोस्टमैन जगमोहन शर्मा को गांव से हटा कर कहीं अन्य पोस्ट ऑफिस में पदस्थ करने की प्रशासनिक अधिकारी हिम्मत जुटा सकें अब देखना यह है कि क्या ग्राम पढ़ावली के पोस्टमैन जगमोहन शर्मा के वायरल वीडियो पर निर्वाचन आयोग द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है।

संपादकीय

# पाक के आतंकी मंसूबे

हाल में जम्मू–कश्मीर में पाक प्रशिक्षित आतंकियों के हमले ने एक बार फिर देश की चिंताएं बढ़ाई हैं कि 26८ 11 के आतंकी हमले के पंद्रह साल बाद भी पाकिस्तान के घातक मंसूबे कायम हैं। वह भारत को नुकसान पहुंचाने के लिये आतंकवादी रणनीतियों में लगातार बदलाव कर रहा है। देश में उत्तरी सेना के एक कमांडर का यह दावा हमारी चिंता बढ़ाने वाला है कि जम्मू–कश्मीर में सेवानिवृत्त पाकिस्तानी सैनिक आतंकवादी समूहों का हिस्सा है। उन्होंने उच्च प्रशिक्षित विदेशी आतंकवादियों की घुसपैठ कराने के प्रयासों की तरफ भी इशारा किया क्योंकि स्थानीय आतंकियों की भर्ती नहीं हो रही है। सेना द्वारा आशंका जतायी जा रही है कि राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों में कम से कम 20–25 आतंकवादी सक्रिय हैं। यह तो पहले से जाहिर है कि भारत के उच्च प्रशिक्षित सैन्य अधिकारियों व सैनिकों से मुकाबला करने वाले आतंकवादी सेना जैसा प्रशिक्षण हासिल किये होते हैं। जाहिर है पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठानों से जुड़े संगठन इस खतरनाक खेल में शामिल हैं। हाल ही में राजौरी में दो स्थानों पर हुई मुठभेड़ में दो सैन्य अधिकारियों समेत पांच सैनिक शहीद हुए। शांतिकाल में यह बड़ी व चिंताजनक क्षति है। बहरहाल पिछले हफ्ते राजौरी में 31 घंटे चली मुठभेड़ के बीच पीर पंजाल क्षेत्र से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने का नया संकल्प लिया गया। इस मुठभेड़ में लश्कर–ए–तैयबा का एक शीर्ष कमांडर और उसका सहयोगी भी मारा गया। लेकिन पाक आर्थिक बदहाली व राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। शायद पाक को पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री की वह बहुचर्चित चेतावनी याद नहीं रही, जिसमें उन्होंने कहा था कि आप अपने पिछवाड़े में सांप नहीं पाल सकते और उनसे यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वे केवल आपके पड़ोसियों को ही काटेंगे। हकीकत यह है कि अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से पाकिस्तान में पाक तालिबानी संगठन के हमले अप्रत्याशित रूप से बढ़ गये हैं।निस्संदेह, आज पाकिस्तान न केवल राजनीतिक व आर्थिक अस्थिरता से जूझ रहा है बल्कि उसे तालिबान की चुनौती का भी सामना करना पड़ रहा है। पाक में गंभीर स्थिति के बावजूद देश चलाने वाली सेना द्वारा रिटायर्ड फौजियों को सीमा पर भेजकर आतंकवाद को बढ़ावा देना भारत के लिये बड़ी चुनौती है। इन चुनौतियों के बीच सतर्कता की स्थिति में किसी तरह की ढील नहीं दी जानी चाहिए। निश्चित रूप से 26८11 का भयावह आतंकी हमला हमारी सुरक्षा तैयारियों में चूक की तरफ ध्यान दिलाने वाला घटनाक्रम भी था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चिंताजनक बात यह है कि हमारी सुरक्षा का पारिस्थितिकीय तंत्र कई मामलों में उदासीन बना हुआ है। बताया जा रहा है कि समुद्र के रास्ते आतंकवादियों के भारत में प्रवेश के बाद तटों पर नजर रखने के लिये जिन 46 आधुनिक नौकाओं को खरीदा गया था, उनमें से केवल आठ ही काम कर रही हैं। हाल ही में सुरक्षा के मामले में चाकचौबंद इस्राइल पर हमास के घातक हमले ने पूरे दुनिया को सबक दिया है कि किसी भी चूक की हमें बड़ी कीमत चुकानी होती है। घटनाक्रम ने बताया कि सुरक्षा मामलों में आत्मसंतुष्टि या अजेयता की भावना प्रदर्शित करने के घातक परिणाम सामने आ सकते हैं। घटनाक्रम का एक सबक यह भी है कि हमें वैश्विक समर्थन पर अत्यधिक निर्भर नहीं रहना चाहिए। हमारी तैयारियों से ही आतंकवादियों का कारगर ढंग से मुकाबला संभव हो सकता है। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद कोई ऐसी समस्या नहीं है जिसके समाधान के लिये हमें बाहरी मदद की जरूरत हो। इससे निपटने के लिये हमें अपने सभी संसाधनों का बेहतर ढंग से इस्तेमाल करना होगा। वहीं दूसरी ओर आतंकग्रस्त जम्मू–कश्मीर में जमीनी स्तर पर सुरक्षा से जुड़ी रणनीतियों पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत होगी। हमें उग्रवाद को बढ़ावा देने वाली आंतरिक सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर दूर करना होगा। समावेशी शासन के जरिये रोजगार, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाकर स्थानीय लोगों का विश्वास हासिल करना होगा। स्थानीय लोगों का सहयोग व सूचनाएं आतंकवाद से मुकाबला करने में सहायक साबित हो सकती हैं।

# हरियाणा में लड़कियों को मुफ्त शिक्षा

**आदित्य नारायण**

*शिक्षा के अभाव में महिलाओं का जीवन केवल परिवार तक सीमित हो चुका था लेकिन आज सामाजिक परिवर्तन के चलते लड़कियों की शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति पर बहुत ध्यान दिया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में आरक्षण ने भले ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को मुफ्त में शिक्षा देने की मांग हमेशा से ही उठती रही है।*

हाल ही के वर्षों में हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा के लिए एक प्रमुख केन्द्र के रूप में उभरा है। शिक्षा विकास की कुंजी है। शिक्षा के अभाव में कोई भी समाज न विकसित हुआ है, न हो सकता है। कोई दौर था जब लड़कियों को शिक्षा से दूर रखा जाता था। शिक्षा के अभाव में महिलाओं का जीवन केवल परिवार तक सीमित हो चुका था लेकिन आज सामाजिक परिवर्तन के चलते लड़कियों की शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति पर बहुत ध्यान दिया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में आरक्षण ने भले ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को मुफ्त में शिक्षा देने की मांग हमेशा से ही उठती रही है। आज यह भी महसूस किया जा रहा है कि आरक्षण का आधार सामाजिक न होकर आर्थिक होना चाहिए। राज्य सरकारें लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए मदद की अनेक योजनाएं चला रही है। अक्सर देखा गया है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियां पैसों की कमी की वजह से पढ़ नहीं पातीं और वह हाईस्कूल के बाद अपनी पढ़ाई को बीच में ही छोड़ देती हैं। हरियाणा की मनोहर लाल सरकार ने अब आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की पढ़ाई के लिए एक जबरदस्त पहल कर दी है। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि जिन परिवारों की वार्षिक आय 180,000 से 3 लाख तक है उनकी बेटियों की कालेज एजुकेशन की आधी फीस का भुगतान सरकार करेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2021 में राज्य सरकार की महत्वकांक्षी परिवार पहचान पत्र योजना के तहत उन लोगों के लिए मुफ्त शिक्षा की घोषणा की थी जिसकी सत्यापित पारिवारिक आय 1.80 लाख रुपए प्रति वर्ष से कम थी। हरियाणा सरकार ने लड़कियों की उच्च शिक्षा ऋण योजना पहले ही लागू की हुई है। इस योजना के माध्यम से लड़कियां अपनी आगे की पढ़ाई के लिए ऋण ले सकती हैं। हरियाणा सरकार इस ऋण पर सब्सिडी भी देती है। उच्च शिक्षा के लिए ऋण लेने वाली छात्राओं का 5 प्रतिशत ब्याज माफ कर दिया जाता है। इतना ही नहीं हरियाणा सरकार में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों की लड़कियां जो देश और विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही हैं वह भी इस योजना के लाभ की पात्र हैं। बालिकाओं के प्रति सामाजिक रवैये में बदलाव लाने और उनके उत्थान के लिए हरियाणा सरकार ने कई योजनाएं चलाई हुई हैं। लाडली योजना भी हरियाणा सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है। लाडली योजना का मकसद राज्य में बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करना है। लाडली योजना का लाभ वह माता–पिता उठा सकते हैं जिसकी दो बेटियां हैं। इस योजना के तहत 20 अगस्त, 2005 को या उसके बाद जन्मी बेटी और माता के नाम पर 5000 रुपए की वित्तीय सहायता किसान विकास पत्रों के जरिये हर वर्ष निवेश की जाती है और बेटी की उम्र 18 साल होने के बाद संचित राशि जारी कर दी जाती है। केन्द्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के चलते बेटियों के सपने साकार हो रहे हैं। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा के पानीपत शहर में बेटी बचाओ–बेष्टी पढ़ाओ योजना का आरम्भ किया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य लिंग पक्षपातपूर्ण जैसी सामाजिक कुरीतियों से बेटियों को बचाना है। मनोहर लाल सरकार ने इस योजना पर काफी जोर दिया। जिसके चलते हरियाणा में लिंग अनुपात में काफी सुधार आया है। हरियाणा में राज्य के 10 जिलों में जन्म के समय स्थिति में सुधार हुआ है लेकिन 12 जिलों में लिंग अनुपात गड़बड़ाया भी है। फिर भी कन्या भ्रूण की हत्याएं काफी हद तक बंद हो चुकी हैं। जैसे–जैसे शिक्षा का ढांचा मजबूत हो रहा है। त्यों–त्यों सामाजिक स्थिति में काफी परिवर्तन आ चुका है। आज हरियाणा में आठ केन्द्रीय विश्वविद्यालय, 22 राज्य विश्वविद्यालय और प्राइवेट संस्थानों को मिलाकर कम से कम 61 विश्वविद्यालय हैं। हरियाणा को शिक्षा का पावर हाऊस बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिएलगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उच्च शिक्षा के संस्थानों में अब लड़कियों का लड़कों की तुलना में अनुपात काफी अच्छा हो रहा है। अगर लड़कियों को इस तरह के प्रोत्साहन दिए जाए तो सही अर्थों में उनका सशक्तिकरण हो सकता है। हरियाणा की छोध्रियां कुश्ती, बॉक्सिंग और अन्य खेलों में देश का गौरव बढ़ा रही हैं। लाडली योजना हरियाणा सरकार द्वारा समाज में बालिकाओं की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए चलाई गई है। यह योजना कन्या भ्रूण हत्या सहित सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है। हरियाणा में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए वर्तमान मनोहर लाल सरकार कितनी गम्भीर है इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अब हरियाणा के हर गांव में पढ़ी–लिखी सरपंच व पंच हैं।




# हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं

**संजीव ठाकुर**

मानसिक विकृति के शिकार कुछ बंदूकधारियों द्वारा निरिह लोगों की हत्या कर अपना मकसद साध लेना ही आतंकवाद की श्रेणी में नहीं आता है, बल्कि शक्ति संपन्न राष्ट्रों द्वारा अपनी विस्तार वादी सामंती अवधारणा को पूरा करने के लिए छोटे देशों पर हमला करना भी आतंकवाद ही है। इसराइल–हमास, रूस–यूक्रेन युद्ध इसका ताजा उदाहरण है, अमेरिका की दादागिरी, चीन का पागलपन, उत्तर कोरिया की सनक इन सबके विभस्त उदाहरण है जो अपनी व्यवसायिक ,सामरिक और मानसिक सनक को पूरा करने के लिए किसी भी देश को नेस्तनाबूद कर नागरिकों पर कहर ढाकर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैंस यह सब अंतर्राष्ट्रीय सामूहिक बलात आतंकवाद ही हैंस भारत एक सशक्त और बलशाली देश होने के बावजूद शांति की नीति को अपनाए हुए है और वैश्विक शांति का संदेश भी देने का प्रयास कर रहा है ऐसे देशों को साध्ुवाद देना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाबली राष्ट्रों की विस्तार वादी तथा सामंती गतिविधियों की सार्वजनिक निंदा भी की जानी चाहिए,आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविध्यिों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः ध्ाार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर–ए–तैयबा ,जैश–ए–मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे–धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न–भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं। आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध्ा होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविध्यिों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। विश्व में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 11 सितंबर 2001 आतंकवादी हमला मानव इतिहास की सबसे क्रूर तम हमला माना जाता है। पाकिस्तान के पेशावर जिले में आर्मी स्कूल में 150 मासूम बच्चों की निर्मम हत्या भी एक क्रूर आतंकवादी घटना हैस भारत में 1993 में मार्च में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट इसी तरह दिसंबर 2001 में संसद भवन पर हमलावाराणसी बम विस्फोट, अहमदाबाद में बम विस्फोट, 2008 में मुंबई ताज होटल पर हमला,2016 में पठानकोट एयरबेस हमला, 2017 में अमरनाथ तीर्थयात्रियों हमला, 2019 में पुलवामा हमला आतंकवादी घटनाएं हैं जिससे मानवीय संवेदनाएं, शांति स्थापना की मूल धारणा की ध्ाज्जियां उड़ जाती हैस भारत में तो नक्सलवाद भी आतंकवाद का एक वृहद रूप ले चुका हैस आतंकवाद का सबसे भयानक रूप यह है की कोई भी देश यह नहीं जानता कि आतंकवाद का अगला निशाना कौन सा देश और कौन सी इमारत, रेलवे स्टेशन, वायुयान और कौन सा धार्मिक स्थल होगास वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ असुरक्षा की भावना पूरी तरह व्याप्त हो चुकी हैस आतंकवाद का सबसे विस्तृत और भयानक रूप अफगानिस्तान में सरकार का तख्तापलट का ही हैस वहां तालिबानी आतंकवादियों द्वारा सरकार को गिरा कर अफगानिस्तान देश पर जाकर वहां शासन स्थापित कर लिया था, और पूरी दुनिया तमाशबीन बनी रही। रूस यूक्रेन युद्ध मैं भी लाखों लोगों की आक्रमण कर हिंसक हत्या तानाशाही तथा मानसिक आतंकवाद का ही एक भयानक रूप है। पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ भारत सहित अनेक कानून बनाए गए एवं उन पर अमल भी किया जा रहा है। पर आतंकवाद को समूल नष्ट करने के लिए आतंकवादी विचारधारा को ही समूल रूप से नष्ट करना होगा, क्योंकि आतंकवाद कोई तात्कालिक कारणों से पैदा नहीं होता,यह एक घिनौनी, हिंसक आतंक पैदा करने वाली विचारधारा है। अशांति की इस विचारधारा में जन समुदाय में रोश तथा खौफ पैदा कर दिया है और यह मानवता के लिए अभिशाप की तरह व्याप्त हो गया है। जिससे विश्वव्यापी वैश्विक शांति की अवधारणा को नष्ट कर दिया है। वैसे तो पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ प्रयास किए जा रहे हैं पर हर देश के हर नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि इस विचारधारा और इनकी गतिविधियों पर नजर रख इसे समूल नष्ट करने का प्रयास किया जाना चाहिए।



# मोदी को बेनकाब करता सोनिया गांधी का लेख

आधारहीन होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस पार्टी, उनके नेताओं एवं सरकारों की जिस अशोभनीय तरीके से आलोचना करते हैं, उसकी कलई अब धीरे–धीरे खुलने लगी है। चाहे भ्रष्टाचार हो या वंशवाद का सन्दर्भ अथवा सरकार के कामकाज से सम्बन्धित कोई तथ्य हो– अब मोदी, उनकी सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपनाये जाने वाले दोहरे मानदंडों वाले व्यवहार का भी पर्दाफाश हो गया है। सच तो यह है कि मोदी के दूसरे कार्यकाल के समाप्त होते न होते उनके झूठ व प्रपंच पूरी तरह से जगजाहिर हो गये हैं। विकास के मुद्दों पर तो मोदी यही रटी–रटायी बात करते थे कि पिछले 70 वर्षों में कुछ भी नहीं हुआ है, वहीं वे यह बताते थे कि उनकी पूर्ववर्ती डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार (दो कार्यकाल) पूरी तरह से कठपुतली सरकार थी जो सोनिया गांधी के इशारे पर काम करती थी। वे हाल के चुनाव प्रचार तक यही कहते रहे हैं कि मनमोहन सिंह का रिमोट मैडम (आशय– सोनिया गांधी) के हाथ में रहता था। मोदी का यह भी कहना रहा है कि राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (नेशनल एडवाइजरी काउंसिल– एनएसी) दूसरा पॉवर सेंटर बन गया था जिसका संचालन सोनिया गांधी करती थीं।इस मुद्दे पर सोनिया गांधी ने अब जो जवाब दिया है वह लोगों के लिये आंखें खोल देने वाला तो है ही, मोदी एवं उनके जैसों को निरूत्तर करने के लिये भी काफी होना चाहिये, बशर्ते उनमें सच्चाई का सामना करने का साहस तथा नैतिकता का तकाजा हो। अपनी आने वाली एक किताब में सोनिया गांधी ने इस पर स्पष्टीकरण तो दिया ही है, मोदी सरकार पर गम्भीर आरोप जड़ दिये हैं। उन्होंने कहा है कि उन पर मनमोहन सिंह सरकार को नियंत्रित करने का आरोप लगाने वाले मोदी की अपनी सरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आदेशों के अनुसार काम करती है जो न विश्वसनीय है न निर्वाचित। उन्होंने इससे इंकार किया कि एनएसी कोई दूसरा शक्ति केन्द्र था। उनके अनुसार यह लोगों के अधिकारों व उनके सशक्तिकरण सम्बन्ध्ाी सुझाव देती है।किताब में एन्हैंसिंग पीपल्स राइट एंड फ्रीडम– एनएसी रिविजिटेड शीर्षक वाले अध्याय में उन्होंने कहा है कि यह विडम्बना है कि एनएसी को अपमानित किया गया है जबकि मौजूदा एनडीए सरकार अपनी नीतियों को लेकर आरएसएस से निर्देश लेती है। उन्होंने आगे बताया है कि 2015 में केन्द्रीय मंत्रियों ने अपनी नीति का पूरा खाका उनके सामने प्रस्तुत किया था जिसे स्वयं मोदी ने सरकार को मार्गदर्शन का नाम दिया था पर ये लागू नहीं किये गये। सोनिया गांधी ने साफ किया है कि एनएसी का काम केवल सुझाव देना था। अमल करना या न करना प्रधानमंत्री व सरकार के विवेक पर निर्भर था। उन्होंने याद दिलाया कि जब अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजातियों के लिये अलग से बजट बनाने और गैर संगठित क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिये भी सामाजिक सुरक्षा का कार्यक्रम बनाने का सुझाव दिया गया था तो वे फैसले नहीं माने गये। यूपीए की अध्यक्ष एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष का संकेत प्रधानमंत्री के विवेकाधिकार की ओर ध्यान दिलाना था जो शक्ति केन्द्र नहीं है। वह केवल पीएम के सलाहकार निकाय के रूप में कार्यरत थी। सोनिया का यह कहना भी बिलकुल सही है कि एनएसी की आलोचना इसलिये की जा रही है क्योंकि उसकी अध्यक्ष व कांग्रेस की अध्यक्ष वे ही थीं। उन्होंने लेख बताया कि केवल बाजार ही लोगों के विकास को सुनिश्चित नहीं कर सकता। इसके लिये लोगों के अधिकारों को अक्षुण्ण बनाये रखना एवं उनमें इजाफा करना भी आवश्यक होता है जो करने की कोशिश उनके रहते परिषद द्वारा की गई थी।सोनिया का लेख बतलाता है कि मोदी की समझ न केवल संकीर्ण व पूर्वाग्रह से ग्रस्त है वरना वह दोषपूर्ण भी है। मनमोहन निश्चित रूप से सोनिया की ही पसंद के व्यक्ति थे क्योंकि उन्होंने पीएम बनने से इंकार कर दिया था, लेकिन यह भी सच है कि उन्होंने पूरी आजादी से काम किया था। तत्कालीन एनएसी ने भी बेहतरीन सुझाव देते हुए भारत की खुशहाली में बड़ा योगदान दिया था। मनमोहन सिंह के अनेक कार्यों की रूपरेखा पर पहले उनकी सलाहकार परिषद में भी विचार–विमर्श हुआ और उसे मनमोहन सिंह जैसे कुशाग्र व्यक्ति द्वारा परिमार्जित कर लागू किया गया था। इसके बेहतरीन नतीजे भी प्राप्त हुए थे। एनएसी की सलाह पर सरकार ने सूचना का अधिकार लागू किया जिससे लोगों की पहुंच आवश्यक जानकारियों तक हो सकी है। इससे सरकार की जवाबदेही बढ़ी तथा लोक सेवा की प्रणाली अधिक सक्रिय हुई है। भोजन के अधिकार ने बड़े पैमाने पर लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। कुपोषण की समस्या से भी एक बड़ी आबादी को छुटकारा मिल सका था।

## भारतीय कराटे टीम में रेफरी नियुक्त किए गए विजय कुमार

**कानपुर।** नेपाल में आगामी 30 नवंबर से हो रहे साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप में कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन की टीम भाग ले रही है। इस टीम में कानपुर निवासी विजय कुमार को कराटे रेफरी नियुक्त किए गए। यह जानकारी उप्र कराटे एसोसिएशन के सचिव जसपाल सिंह ने दी। जसपाल सिंह ने बताया कि विजय कुमार कानपुर विश्वविद्यालय में कराटे कोच भी है। विजय कुमार साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप में भारतीय कराटे टीम में रेफरी नियुक्त किया गया। कानपुर वासियों के लिए यह खुशी की बात है। रेफरी नियुक्त किये जाने पर कानपुर कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष ऋषिकेश और सचिव सुनील ने शुभकामनाएं दी।



## नामीबिया ने टी-20 विश्व कप 2024 के लिए किया क्वालिफाई

**नई दिल्ली।** नामीबिया क्रिकेट टीम ने अगले साल खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टी-20 विश्व कप 2024 वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में खेला जाएगा। नामीबिया ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप अफ्रीका क्षेत्र क्वालीफायर 2023 के अपने आखिरी मैच में तंजानिया को 58 रनों से हराकर टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अपनी जगह पक्की की। नामीबिया अफ्रीका क्वालिफायर्स से क्वालिफाई करने वाली पहली टीम बनी। गेरहार्ड इरासमस की कप्तानी वाली नामीबिया ने मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 157 रनों का स्कोर बनाया। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन जेजे स्मिट ने 25 गेंदों में नाबाद 40 रनों की पारी खेली। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी तंजानिया की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 99 रन ही बना सकी। टीम के बल्लेबाज नामीबियाई गेंदबाजों के सामने रनों के लिए जूझते दिखे और पूरे ओवर खेलने के बाद 99 रन ही बना सके। इस तरह नामीबिया ने 58 रनों की जीत दर्ज कर ली। नामीबिया की टीम ने 5 में से 5 मैच जीतते हुए टी-20 विश्वकप के लिए क्वालिफाई किया है। क्वालिफायर के अपने पहले मुकाबले में नामीबिया ने जिम्बाब्वे को और दूसरे में युगांडा को हराया। तीसरे मैच में रवांडा के खिलाफ डकवर्थ लुईस नियम के तहत जीत दर्ज की। फिर चौथे मैच में नामीबिया ने केन्या को हराया और पांचवें में तंजानिया को 58 रनों से हरा दिया।



## भारतीय तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने की शादी

**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने शादी कर ली है। मुकेश गोपालगंज के सदर प्रखंड के काकड़कुंड गांव के रहने वाले हैं और उन्होंने छपरा के बनियापुर बेरुई गांव की रहने वाली दिव्या सिंह के साथ शादी के बंधन में बंध हैं। उनके विवाह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बिहार में जन्मे क्रिकेटर को उनकी शादी के लिए छुट्टी दे दी गई थी और उन्होंने गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के तीसरे टी20 मैच में हिस्सा नहीं लिया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खत्म होने के बाद मुकेश और उनकी पत्नी दिव्या 4 दिसंबर को रिसेप्शन आयोजित करेंगे। गौर हो कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पहले पुष्टि की थी कि मुकेश कुमार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। रायपुर में चौथे टी20 मैच से पहले मुकेश अपने भारतीय साथियों से दोबारा मिलेंगे। भारतीय टीम प्रबंधन ने मुकेश के प्रतिस्थापन के रूप में दीपक चाहर को टीम में शामिल करने का फैसला किया। भारत फिलहाल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में 2-1 से आगे चल रहा है. श्रृंखला का अंतिम मैच 1 दिसंबर को रायपुर में खेला जाना है।



## 'अभी भी उनमें बहुत क्रिकेट और रन बाकी हैं', विराट कोहली के बारे में बोले सचिन तेंदुलकर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली द्वारा उनके सर्वाधिक वनडे शतकों का रिकॉर्ड तोड़ने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि विराट में अभी भी बहुत क्रिकेट और रन बाकी हैं। भारत को घरेलू मैदान पर आयोजित आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में एक और दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इस अभियान को कई प्रशंसकों द्वारा पूरे आयोजन में विराट के कारनामों और निरंतरता के लिए याद किया जाएगा जिसने उन्हें हर बार बल्लेबाजी के कई रिकॉर्ड तोड़ते हुए देखा। इनमें से एक विराट का 50 वनडे शतक लगाने वाला पहला बल्लेबाज बनना भी शामिल था। सचिन ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि एक भारतीय द्वारा स्थापित किया गया रिकॉर्ड एक भारतीय के पास ही कायम है। महान क्रिकेटर को अब भी लगता है कि विराट के पास भारतीय क्रिकेट को देने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं कि वह ऐसा करने में सफल रहा। मुझे यकीन है कि यात्रा रुकी नहीं है। उसके अंदर बहुत सारा क्रिकेट बाकी है, बहुत सारे रन बाकी हैं। देश के लिए बहुत सारी भूख और और अधिक हासिल करने की इच्छा। मुझे खुशी है कि रिकॉर्ड भारत के पास बना हुआ है। मैंने हमेशा कहा है कि रिकॉर्ड भारत का है और यह भारत के पास ही रहेगा।'

## बीसीसीआई ने की मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ के कार्यकाल को बढ़ाने की पेशकश

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद पर बने रहने के लिए राहुल द्रविड़ को करार विस्तार की पेशकश की है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, बीसीसीआई द्वारा द्रविड़ से संपर्क किया गया था, जिसमें उनके कार्यकाल के विस्तार की बात की गई थी। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि द्रविड़ ने प्रस्ताव स्वीकार किया या नहीं।

यदि द्रविड़ ने प्रस्ताव दिया, तो उनके दूसरे कार्यकाल में उनका पहला असाइनमेंट भारत का दक्षिण अफ्रीका का दौरा होगा, जो 10 दिसंबर से शुरु होगा, जिसमें तीन टी-20 और इतने ही एकदिनी मैच खेले जाएंगे। इसके बाद दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी, जिसके पहला मैच 26 दिसंबर को सेंचुरियन में और दूसरा 3 जनवरी से केप टाउन में खेला जाएगा। फिर जून में टी 20 विश्व कप से पहले, घर पर इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेली जाएगी। द्रविड़ को 2021 में टी 20 विश्व कप के बाद रवि शास्त्री की जगह दो साल के लिए टीम का कोच नियुक्त किया गया था। उनका करार हाल ही में एकदिनी विश्व कप के साथ समाप्त हो गया। विश्व कप में फाइनल में भारत ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार गया था। यह कोच के रूप में द्रविड़ के कोचिंग में आईसीसी इवेंट्स के फाइनल में भारत की दूसरी हार थी। इससे पहले इस साल जून में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भारत को ऑस्ट्रेलिया से ही हार का सामना करना पड़ा था, इससे पहले, भारत को 2022 टी 20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने हराया था। अगर द्रविड़ कोच बने रहेंगे तो, उम्मीद की जाती है कि विक्रम राठौड़ (बैटिंग कोच), पारस म्हाम्ब्रे (बॉलिंग कोच), और टी दिलिप (फील्डिंग कोच) भी अपने पद पर बने रहेंगे।



## इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग फिर से शुरू, स्टेडियम में 1,000 दर्शकों को प्रवेश की अनुमति




**जेरूसलम।** इजरायल और हमास के बीच युद्ध के कारण 7 अक्टूबर को निलंबित होने के बाद इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग मंगलवार शाम से फिर से शुरु हो गई है। हालांकि लीग के हर मैच में अधिकतम 1,000 दर्शकों को ही स्टेडियम में मैच देखने की अनुमति है। इससे पहले इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग प्रशासन (बीएसएल) ने सुरक्षा की स्थिति के कारण, यह भी फैसला किया था कि पूरे सीजन में विदेशी खिलाड़ी ट्रांसफर की संख्या पर कोई सीमा नहीं होगी। बता दें कि इजरायल-और हमास संघर्ष के कारण कई विदेशी खिलाड़ियों ने अपनी इजरायली टीमों को छोड़ दिया था।

## पीकेएल सीजन 10 कबड्डी जगत के लिए गर्व का क्षण : पवन सहरावत

**हैदराबाद।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2 दिसंबर 2023 को अपना दसवां सीजन लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। तेलुगु टाइटंस के पवन सहरावत, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में पीकेएल नीलामी में सबसे अधिक बोली का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा था, ने कहा, 'मैं दसवें सीज़न में खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं कुछ समय से लीग में नहीं खेला हूं। तेलुगु टाइटंस कैंप में मेरी तैयारी अच्छी चल रही है और मैं सीज़न का इंतजार कर रहा हूं।÷

पवन ने सीज़न 3 में अपने पहले पीकेएल मैच को लेकर कहा, ÷मैंने सीज़न 3 में अपना पहला मैच दबंग दिल्ली के.सी. के खिलाफ खेला था और मुझे याद है कि मैंने अपनी पहली रेड पर एक बोनस अंक हासिल किया था।' सीज़न 3 में अपने पदार्पण के बाद, सहरावत ने छठे, सातवें और आठवें सीज़न में सबसे अधिक रेड पॉइंट दर्ज किए और सीज़न 6 में 271 रेड पॉइंट दर्ज करने के बाद सबसे मूल्यवान खिलाड़ी का पुरस्कार भी हासिल किया। शानदार सीज़न के बारे में बोलते हुए, पवन ने कहा, 'छठे सीजन से पहले मैंने लंबे समय तक नहीं खेला था। लेकिन फिर भी, मैंने उस सीज़न में अपने प्रो कबड्डी लीग करियर का सबसे अच्छा पल अनुभव किया जब मैंने बेंगलुरु बुल्स के लिए खेलते हुए तमिल थलाइवाज के खिलाफ पहले हाफ में 20 अंक बनाए।' प्रो कबड्डी लीग के विकास के बारे में पूछे जाने पर स्टार रेडर ने कहा, 'दसवें सीज़न की शुरुआत मशाल स्पोर्ट्स और स्टार स्पोर्ट्स के लिए काफी बड़ी उपलब्धि है। यह मेरे लिए भी गर्व का क्षण है कि कबड्डी को इतना आगे बढ़ते हुए देख रहा हूं। पीकेएल सीजन 1 की नीलामी में सबसे ऊंची बोली 12.8 लाख रुपये थी और सीजन 10 के लिए सबसे ज्यादा बोली 2.6 करोड़ रुपये थी - जो दर्शाता है कि लीग कितनी आगे बढ़ी है।' पवन सहरावत 2 दिसंबर को सीज़न 10 के शुरुआती मैच में एक्शन में होंगे जब तेलुगु टाइटंस का सामना अहमदाबाद में गुजरात जायंट्स से होगा।



## एशियाई आर्म रेसलिंग कप 2023 में भारतीय दल का शानदार प्रदर्शन, जीते 9 पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय आर्म रेसलर्स ने कौशल और दृढ़ संकल्प का एक अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए हाल ही में संपन्न एशियाई आर्म रेसलिंग कप 2023 में 9 पदक जीते, जिसमें तीन स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक शामिल है।

दल की कप्तानी पैरा-एथलीट बीवी श्रीनिवास ने की, संभवतः पहली बार है, जब किसी भारतीय खेल दल का नेतृत्व किसी पैरा-एथलीट ने किया है। श्रीनिवास पिछले चार वर्षों से आर्म रेसलिंग में हैं और अपने स्वयं के स्टार्ट अप 'बीवीएस फिटनेस सोर्स' के साथ एक निजी फिटनेस ट्रेनर हैं। उन्होंने 2019 में भिलाई में नेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में डिसेबल्ड स्टैंडिंग कैटेगरी में रजत पदक जीता और 2019 में रोमानिया में वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहे।

श्रीनिवास ने 90 किग्रा पैरा वर्ग में बाएं और दाएं दोनों पोजीशन में भाग लिया और दोनों में स्वर्ण पदक हासिल किए।लक्ष्मण सिंह भंडारी ने 70 किग्रा ग्रैंड मास्टर वर्ग (दाहिने हाथ की स्थिति) में स्वर्ण पदक और ग्रैंड मास्टर बाएं हाथ की स्थिति में रजत पदक हासिल किया। कृष्ण कुमार ने पैरा 75 किग्रा वर्ग (दाहिने हाथ की स्थिति) में रजत पदक जीता। श्रीमंत झा ने पैरा 85 किग्रा वर्ग में दाहिने हाथ की स्थिति में कांस्य पदक हासिल किया। इस बीच, एरीकमेनलांग शाबोंग (50 किग्रा) और वांडा सिएमियोंग (60 किग्रा) ने दाहिने हाथ की स्थिति में कांस्य पदक जीता। सेनेबी सिंग्कली ने 55 किग्रा सीनियर वर्ग में बाएं हाथ की स्थिति में कांस्य पदक जीता। कुल मिलाकर, भारत ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया जो पैरा-एथलीटों के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) की अध्यक्ष प्रीति झंगियानी ने एशियन आर्म रेसलिंग कप 2023 में भारतीय आर्म रेसलर्स की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए कहा, 'भारतीय आर्म रेसलर्स ने एशियन आर्म रेसलिंग कप 2023 में इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है। उनके अटूट समर्पण ने न केवल जीत हासिल की है बल्कि हमारे देश के गौरव को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। मुझे यकीन है कि आगे चलकर हमारे आर्म रेसलर्स और अधिक गौरवान्वित करेंगे।'



## ऋतुराज गायकवाड़ ने ट्वंटी-20 फॉर्मेट में लगाया 5वां शतक, इंटरनेशनल में पहला

**गुवाहाटी।** घरेलू क्रिकेट में 7 गेंदों पर 7 छक्के लगाने वाले भारतीय युवा स्टार बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ ने गुवाहाटी के मैदान पर ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ अपने बल्ले का एक बार फिर से जोर दिखाया। सीरीज के पहले टी20 में गायकवाड़ डायमंड डक का शिकार हुए थे लेकिन जैसे ही उन्हें जमने का मौका मिला उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और अपनी टीम को मजबूत स्थिति में ले गए। गायकवाड़ के ओवरऑल ट्वंटी20 करियर का यह 5वां तो इंटरनेशनल टी20 करियर का पहला शतक है। उन्होंने 57 गेंदों पर 13 चौके और 7 छक्कों की मदद से 123 रन बनाए।

**भारत की ओर से ट्वंटी20 में शतक**

4 - रोहित शर्मा
3- सूर्यकुमार यादव
2- केएल राहुल
1 - सुरेश रैना, विराट कोहली, दीपक हुडा, शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, रुतुराज गायकवाड़

टी20 आई में भारत के लिए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर

126 - शुभमन गिल बनाम न्यूजीलैंड, अहमदाबाद, 2023
123 - रुतुराज गायकवाड़ बनाम ऑस्ट्रेलिया, गुवाहाटी, 2023
122 - विराट कोहली बनाम अफगानिस्तान, दुबई, 2021
118 - रोहित शर्मा बनाम श्रीलंका, इंदौर, 2023
117 - सूर्यकुमार यादव बनाम इंग्लैंड, नॉटिंघम, 2022



गायकवाड़ के शतक की खास बात यह रही कि उन्होंने पहली 22 गेंदों पर 22 रन बनाए थे। लेकिन जैसे ही उन्होंने अटैक करना शुरू किया तो अगली 35 गेंदों पर 101 रन जड़कर टीम इंडिया को 222 रन तक पहुंचा दिया। गायकवाड़ ने पारी के अंतिम ओवर में ग्लेन मैक्सवेल को निशाना बनाया। उन्होंने मैक्सवेल के उक्त ओवर में 30 रन खींचे जिसमें 3 छक्के और 2 चौके भी शामिल थे।

## आलेफ़ सुपर स्टार्स शतरंज -भारत के निहाल नें जीत से खोला खाता

**शारजाह।** आलेफ़ सुपर स्टार्स शतरंज में तीसरे वरीय भारत के निहाल सरीन नें पहले राउंड में मेजबान यूएई के ग्रांड मास्टर सालेम सालेह को पराजित करते हुए शानदार शुरुआत की है । इस खास तरह के टूर्नामेंट में भारत के निहाल के अलावा तीन अन्य खिलाड़ियों को शामिल किया गया है और तीनों खिलाड़ी राउंड रॉबिन के आधार पर पहले 6 क्लासिकल मुक़ाबले खेलेंगे और उसके बाद इतने ही मुक़ाबले रैपिड और ब्लिट्ज़ मुक़ाबले खेले जाएँगे । चीन के यू यांगयी को शीर्ष वरीयता दी गयी है उनके अलावा हंगरी के सनन स्जुगिरोव और यूएई के सलेम सालेह प्रतियोगिता में खेल रहे है । दूसरे मुक़ाबले में यांगयी नें सनन को मात देते हुए शुरुआत की है । अगले राउंड में दोनों जीतने वाले खिलाड़ी निहाल और यांगयी का आपस में मुक़ाबला होगा ।




## अमेरिकी प्रीमियर लीग टी20 में खेलते नजर आएंगे श्रीसंत और स्टुअर्ट बिन्नी

**ह्यूस्टन।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत और हरफनमौला स्टुअर्ट बिन्नी अमेरिका में 19 से 31 दिसंबर तक होने वाले अमेरिकी प्रीमियर लीग टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सत्र में खेलेंगे। श्रीसंत और बिन्नी दोनों भारत में सक्रिया क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं और विदेश में फ्रेंचाइजी लीग खेल सकते हैं। सारे मैच टैक्सास के ह्युस्टन में मूसा क्रिकेट स्टेडियम पर खेले जाएंगे और लीग को आईसीसी से मान्यता भी मिली हुई है। अमेरिकी क्रिकेट बोर्ड ने सात टीमों के लिए 40 विदेशी क्रिकेटरों से करार किया है। सात टीमें अमेरिकंस, इंडियंस, पाक्स, विंडीज, बंगालीस, आसीज और इंग्लिश हैं। श्रीसंत और बिन्नी इंडियंस टीम का हिस्सा हैं। श्रीसंत ने कहा, 'प्रीमियम इंडियंस का हिस्सा होना गर्व की बात है। मैंने भारत के बाहर अधिक फ्रेंचाइजी लीग नहीं खेली है और मैं इसे लेकर काफी रोमांचित हूं।'



## ग्लेन मैक्सवेल ने शतक लगाकर छीनी Team india से जीत, ऑस्ट्रेलिया तीसरा टी20 पांच विकेट से जीता

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी के मैदान पर दर्शकों को एक बार फिर से ग्लेन मैक्सवेल का जादू देखने को मिला। ऑस्ट्रेलियाई टीम जब 68 रन पर तीन विकेट गंवाकर खेल रही थी तो मैक्सवेल ने आते ही ताबड़तोड़ शॉट लगाए और अपनी टीम को जीत दिला दी। मैक्सवेल ने 47 गेंदों पर शतक लगाया। यह टी20 इंटरनेशनल में उनका चौथा शतक रहा। यही नहीं, उन्होंने अपने 100वें टी20 मुकाबले में शतक लगाया। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतने के बाद टीम इंडिया को बल्लेबाजी के लिए बुलाया था। जायसवाल (6) और ईशान (0) के जल्द विकेट गिर जाने के बाद गायकवाड़ और सूर्यकुमार यादव ने टीम को 222 रन तक पहुंचा। गायकवाड़ शतक लगाने में सफल रहे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया को मैक्सवेल, ट्रेविस हेड और मैथ्यू वेड का सहारा मिला और उन्हें पांच विकेट से जीत मिली। ऑस्ट्रेलिया अब इस जीत के साथ पांच टी20 मैचों की सीरीज में 2-1 से बनी हुई है।इससे पहले जायसवाल और गायकवाड़ टीम इंडिया के लिए ओपनिंग करने आए थे। जायसवाल 6 तो ईशान किशन 0 पर ही आऊट हो गए। लेकिन इसके बाद गायकवाड़ और सूर्यकुमार यादव ने स्कोर आगे बढ़ाया। सूर्यकुमार ने 29 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 39 रन बनाए। गायकवाड़ ने फिर तिलक वर्मा के साथ




साझेदारी करते हुए स्कोर 100 से पार पहुंचाया। इसके बाद ऋतुराज ने अकेले ही ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की पिटाई शुरू कर दी और स्कोर 180 पार ले गए।इससे पहले जायसवाल और गायकवाड़ टीम इंडिया के लिए ओपनिंग करने आए थे। जायसवाल 6 तो ईशान किशन 0 पर ही आऊट हो गए। लेकिन इसके बाद गायकवाड़ और सूर्यकुमार यादव ने स्कोर आगे बढ़ाया। सूर्यकुमार ने 29 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 39 रन बनाए। गायकवाड़ ने फिर तिलक वर्मा के साथ साझेदारी करते हुए स्कोर 100 से पार पहुंचाया। इसके बाद ऋतुराज ने अकेले ही ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की पिटाई शुरू कर दी और स्कोर 180 पार ले गए।जवाब में खेलने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने तेजतर्रार शुरूआत की। ट्रेविस हेड ने शुरूआती 4 ओवर में ही स्कोर 40 पार लगा दिया था। लेकिन पांचवें ओवर में अर्शदीप ने वापसी करते हुए एरोन हार्डी को पवेलियन की राह दिखा दी। हार्डी ने 12 गेंदों पर 16 रन बनाए। इसके बाद ट्रेविस हेड ने जोश इंगलिस के साथ मिलकर भारतीय गेंदबाजों की खूब पिटाई की। एक समय जब ऐसा लग रहा था कि ट्रेविस शतक की ओर बढ़ रहे हैं तो आवेश खान ने स्ट्राइक की और छठे ओवर में ही उन्हें पवेलियन की राह दिखा दी। ट्रेविस ने 18 गेंदों पर 8 चौकों की मदद से 35 रन बनाए। इसके बाद रवि बिश्नोई ने आते ही जोश को बोल्ड कर दिया।

# तृषा कृष्णन

## को लेकर बदले मंसूर अली खान के सुर, एक्ट्रेस के खिलाफ करेंगे मानहानि का केस, माफी को बताया मजाक



तृषा कृष्णन और मंसूर अली खान का विवाद एक बार फिर चर्चा में बना हुआ है। एक्ट्रेस पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के बाद अब मंसूर अली खान अपने माफीनामे से मुकर गए हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने तृषा कृष्णन के खिलाफ केस करने की बात कह डाली है।

तृषा कृष्णन और मंसूर अली खान पिछले कुछ दिनों से खबरों में बने हुए। मंसूर अली खान ने एक्ट्रेस पर अभद्र टिप्पणी कर बखेड़ा खड़ा कर दिया था। एक्ट्रेस के साथ-साथ साउथ के कई बड़े स्टार्स ने उन्हें लताड़ लगाई थी।

**तृषा पर करेंगे केस**

मंसूर अली खान ने पहले माफी मांगने से इनकार कर दिया था, लेकिन बाद में मामले को बढ़ता देख उन्होंने माफी मांग ली थी। ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला ने उनका बयान एक्स पर शेयर किया था। एक्ट्रेस ने उनकी माफी को स्वीकार भी कर लिया था। वहीं, अब मंसूर अली खान ने अपने माफीनामे को महज एक मजाक बताया है। उन्होंने सीएनएन 18 के साथ बातचीत में कहा कि वो तृषा कृष्णन पर मानहानि का केस करने जा रहे हैं। उनके वकील ने सारे डाक्यूमेंट भी तैयार कर लिए हैं।



**क्या बोले लियो एक्टर**

मंसूर अली खान ने तृषा कृष्णन पर मानहानि केस को लेकर कहा, हम ये करने जा रहे हैं आज। हमने सारे डाक्यूमेंट तैयार कर लिए हैं। मेरे वकील आज शाम 4 बजे बाकी जरूरी बातें शेयर करेंगे। वो प्रेस से मिलेंगे। जब उनके तृषा कृष्णन से माफी मांगने वाले बयान के बारे में पूछा गया तो एक्टर ने कहा, ये अब तक सबसे बड़ा मजाक था।

**क्या है पूरा मामला ?**

सारा विवाद मंसूर अली खान के एक इंटरव्यू वीडियो को लेकर मचा है, जिसमें उन्होंने कहा, मेरी बातों का मतलब व्यक्तिगत तौर पर नहीं था। अगर सिनेमा में शोषण या मर्डर का सीन होता है, तो क्या वो रियल होता है? क्या इसका मतलब सचमुच किसी का शोषण करना है? सिनेमा में मर्डर करने का क्या मतलब है? क्या इसका मतलब ये है कि वे सचमुच किसी की जान ले रहे हैं? मुझे माफी मांगने की जरूरत क्यों है? मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा। मैं सभी अभिनेत्रियों का सम्मान करता हूं।

# आलिया भट्ट

## ने बहन Shaheen Bhatt को ऐसे किया बर्थडे विश, लिखा यह खूबसूरत नोट



आलिया भट्ट की बड़ी बहन शाहीन भट्ट (Shaheen Bhatt) आज अपना 35वां जन्मदिन मना रही हैं। आलिया अपनी बहन शाहीन भट्ट के बेहद करीब हैं और इस मौके पर एक्ट्रेस ने अपनी बहन को खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है। तस्वीरों में आलिया और शाहीन की बॉन्डिंग लोगों का दिल जीत रही है।

**आलिया ने बहन को दी जन्मदिन पर बधाई**

आलिया भट्ट (Alia Bhatt) की बहन शाहीन भट्ट (Shaheen Bhatt) को बर्थडे विश किया और इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरे भी साझा की है। इन तस्वीरों के साथ-साथ उन्होंने बहन के लिए एक प्यार भरा नोट भी लिखा है, तुम आनंद हो.. तुम प्रकाश हो। या हमारे बीच कभी-कभार झगड़ा हो सकता है। तुम धूप हो, तुम हवा हो। कृपया कृपया हमेशा अपने घुटनों का ख्याल रखें। मैं कोई लेखक नहीं.. मैं कोई कवि नहीं मैं सिर्फ आपकी प्यारी बहन हूं और मुझे यकीन है कि



आप यह जानते हैं। जन्मदिन मुबारक हो मेरी प्यारी।

**क्या करती हैं शाहीन भट्ट**

बता दें, शाहीन भट्ट फिल्मी पर्दे से दूर है, लेकिन अक्सर पार्टी और बड़े-बड़े इवेंट्स में आलिया के साथ नजर आती हैं। शाहीन बहन की तरह एक्ट्रेस नहीं है बल्कि एक लेखक हैं। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य पर किताबें लिखी है।

**शाहीन का है प्रोडक्शन हाउस**

बता दें, शाहीन भट्ट तब ज्यादा सुर्खियों में आई थी जब उन्होंने लोगों के सामने खुलकर अपनी मेंटल हेल्थ पर बात की थी। उन्होंने खुलासा किया था कि जब वह 20 साल तक डिप्रेशन का शिकार रही और अपने अनुभवों पर उन्होंने एक किताब आई हैव नेवर बीन (अन) हैप्पीयर भी लिखी। शाहीन भट्ट ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि अपनी किताब लिखने से पहले उन्होंने सुसाइड करने की कोशिश की थी। हालांकि अब वह इन चीजों से बाहर आ चुकी हैं। बता दें, लेखक होने के साथ शाहीन अपनी छोटी बहन आलिया के साथ मिलकर प्रोडक्शन हाउस भी चलाती हैं।

## घर से भागकर पहुंचा सपनों की नगरी मुंबई, फिर की कड़ी मेहनत, एक्टिंग के साथ ही राजनीति में भी अपना दम दिखा रहा ये भोजपुरी स्टार



रवि किशन की दमदार एक्टिंग ने लाखों लोगों का दिल जीता है. उन्होंने ना सिर्फ भोजपुरी में बल्कि बॉलीवुड में भी एक्टिंग का जलवा बिखेरा है. लेकिन रवि किशन का ये सफर इतना आसान नहीं रहा है. इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने काफी कठिनाइयों का सामना किया है. आइए जानते हैं उनके उस स्ट्रगल दौरे के बारे में कुछ बातें.

**बचपन में घर से भाग गए थे रवि किशन**

रवि किशन का जन्म 17 जुलाई को 1969 को मुंबई में हुआ था. लेकिन कुछ सालों बाद उनका परिवार उत्तर प्रदेश लौट आया था. रवि ने बचपन में ही एक्टर बनने का सपना सजा लिया था. अपने इस सपने को पूरा करने के लिए रवि ने 17 साल की उम्र ही घर छोड़ दिया था. आईएमबीडी के मुताबिक वे सिर्फ 500 रुपये लेकर मुंबई आए थे.

रवि ने यहां आकर काफी स्ट्रगल किया लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी. एक्टर ने लंबे संघर्ष के बाद साल 1992 में फिल्म बॉलीवुड फिल्म पीतंबर से एक्टिंग करियर की शुरुआत की. इसके बाद रवि ने एक के बाद एक फिल्मों में काम किया. बॉलीवुड में तो उन्होंने ठीक-ठाक काम किया. लेकिन उन्हें असली पहचान भोजपुरी सिनेमा से मिली.ऐसे बने भोजपुरी के सुपरस्टार वैसे तो उन्हें टीवी शोज से लेकर बॉलीवुड में काम मिल रहा था, लेकिन उन्हें खुद की एक पहचान बनानी थी, जो उन्हें भोजपुरी फिल्म सैंया हमार से मिली. इस फिल्म में के लिए उन्हें मोहनजी प्रसाद ने कास्ट किया था. उन्हें नए चेहरे की तलाश थी. हालांकि, पहली नजर में मोहनजी ने रवि को रिजेक्ट कर दिया था. दरअसल, मोहनजी रवि को मराठी एक्टर समझ बैठे थे. लेकिन दलतफहमी दूर होने के बाद उन्होंने रवि को झट से साइन कर लिया.

भोजुपरी की पहली फिल्म सैंया हमार ने ही रवि को सुपरस्टार बना दिया था. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था. हालांकि, रवि को बॉलीवुड से भोजपुरी में आने से थोड़ा डर लग रहा था लेकिन अपनी मां कहने पर उन्होंने इस तरफ रुख किया था. फिल्म के सुपरहिट होने के बाद उनका हौसला बढ़ गया और उन्होंने भोजुपरी में एक के बाद एक हिट फिल्में दीं.

## शाहरुख खान संग की पहली फिल्म, डेब्यू से मिला खूब नाम! अब फिल्मों से दूर ऐसी जिंदगी जी रहा Pardes का ये एक्टर

ये दुनिया इक दुल्हन, दुल्हन के माथे की बिंदिया...ये मेरा इंडिया, आई लव माई इंडिया... ये लाइनें शाहरुख खान की उस फिल्म की हैं जिसने लोगों में देशभक्ति की भावना जगा दी थी. ये गाना फिल्म परदेस का है जिसमें शाहरुख खान के साथ महिमा चौधरी लीड रोल में नजर आई थीं. वहीं शाहरुख के अलावा एक और एक्टर का भी इसमें मुख्य किरदार था. जी हां, हम बात कर रहे हैं अपूर्व अग्निहोत्री की.

अपूर्व अग्निहोत्री ने फिल्म परदेस से ही अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था और वे आते ही छा गए थे. खास बात यह है कि उनकी यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी. फिल्म में अपूर्व का लुक देख दर्शक उनके फैन हो गए थे और उनकी एक्टिंग को भी खूब वाहवाही मिली थी. लेकिन शायद रातोंरात स्टार बनने वाले अपूर्व की किस्मत में चांदनी चार दिन के लिए ही थी.

**फिल्मों से बनाई दूरी, टीवी के लिए किया काम**



परदेस के बाद अपूर्व अग्निहोत्री कई और फिल्मों में नजर आए. उन्होंने अजीब दास्तान है ये, हम हो गए आपके, प्यार कोई खेल नहीं जैसी कई फिल्मों में काम किया. लेकिन उनकी किसी भी फिल्म को वो प्यार न मिल सका जो कि परदेस को मिला था. बड़े पर्दे पर कई बार हार का मूंह देखने के बाद अपूर्व ने हिंदी सिनेमा से दूरी बना ली और छोटे पर्दे की तरफ कदम बढ़ा लिए.

**इन टीवी सीरियल्स का हिस्सा रहे अपूर्व**

फिल्मों के बाद अपूर्व अग्निहोत्री ने कई टीवी सीरियल्स में काम किया. वे मोना सिंह के फेमस टीवी शो जस्सी जैसी कोई नहीं में दिखाई दिए. इसके अलावा उन्होंने क्योंकि सास भी कभी बहू थी, सपना बाबुल का बिदाई, आसमान से आगे, बेपनाह और अनुपमा में भी अहम किरदार निभाए और टीवी की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई.

### कलेक्ट्रेट में मचा हड़कंप बदल गई बदल दी गई चार ईवीएम मशीने

# सेमरिया कांग्रेस प्रत्याशी अभय मिश्रा ने लगाई पुख्ता आरोप सहायक निर्वाचन अधिकारी भी जवाब देने से कतराते रहे





**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।** जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय और कलेक्ट्रेट में आज तब हड़कंप मच गया जब यह हल्ला हुआ कि इंजीनियरिंग कॉलेज की स्ट्रांग रूम में रखी चार ईवीएम मशीन बदल गई है। इसी प्रकार एक अन्य मशीन भी लापता है। इस मामले में कोई भी अधिकारी कुछ जवाब देने से बचता रहा। उधर कलेक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेस के प्रत्याशी अभय मिश्रा ने आरोप लगाते हुए कहा कि अभी तक यह सुना जाता रहा है कि ईवीएम मशीन भी बदल दी जाती हैं लेकिन आज इसका प्रमाण भी सामने आ गया है और यहां पर हमारे विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान के बाद चार पोलिंग स्टेशन की ईवीएम मशीन बदल गई है। पत्रकारों को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा की गत दिवस भोपाल में पार्टी की मीटिंग के दौरान विशेषज्ञों द्वारा प्रत्याशियों को हिदायतें दी गई थी कि वह अपनी ईवीएम मशीनों का मिलन अवश्य करवाए। इसी क्रम में जब मैं सभी 241 पोलिंग स्टेशनों की ईवीएम मशीनों का मिलान करवाना शुरू करवाया तो 5 ईवीएम मशीन गायब मिली जिसमें से एक मशीन के बारे में बताया गया कि वह माक पोल के दौरान बदल गई थी और उसका नंबर यह है जिसके जवाब से प्रत्याशी अभय मिश्रा संतुष्ट भी हुए। लेकिन 4 ईवीएम मशीन के बारे में निर्वाचन से जुड़े अधिकारी कुछ भी बता पाने की स्थिति में नहीं थे। इस मामले को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी अभय मिश्रा लगभग 2 घंटे तक कलेक्ट्रेट में डटे रहें। बताया गया है कि कलेक्ट्रेट में वीसी चल रही थी, कलेक्टर प्रतिभा पाल उस बैठक में मौजूद थी इसके बाद वह निकली और सीधे चली गई अलबत्ता प्रत्याशी अभय मिश्रा की मुलाकात जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल से नहीं हो पाई। लेकिन इस बीच जिला पंचायत के सीईओ और सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय नरवडे ने कांग्रेस प्रत्याशी अभय मिश्रा से चर्चा करते हुए कहा कि निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल के संज्ञान में मामला आ चुका है और इस मामले मैं आपके द्वारा की गई शिकायत की बिंदुवार जानकारी आपको जल्दी ही दे दी जाएगी। उधर ए आर ओ श्री सिन्हा ने पत्रकारों से कहा है कि चार मशीन बदले जाने का मामला संज्ञान में आया है । इनका कहना था कि ऐसा हो नहीं सकता परंतु वस्तु स्थिति का पता लगाया जा रहा है। उधर कांग्रेस प्रत्याशी अभय मिश्रा ने पूरे मामले में पत्रकारों से कहा कि यह सीधा-सीधा षड्यंत्र है और अगर मैं एक-एक मशीनों का मिलान नहीं करवाया होता तो यह पोल ही नहीं खुलने पाती। इनका कहना था कि अभी केवल सिमरिया विधानसभा क्षेत्र की मशीनों का मिलान करवाया गया है जब यह स्थिति है तो जब सारे प्रत्याशी अपने क्षेत्र की ईवीएम मशीनों का मिलन करवाएंगे तो और बहुत बड़ा खुलासा हो सकता है। इन्होंने प्रशासन से मांग की है कि अभी 2 दिन का वक्त है सारी वस्तु स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए और चुनाव की पारदर्शिता बनी रहनी चाहिए ताकि निष्पक्ष चुनाव संभव हो सके।

## गुढ़ ने0 हा0 न0 75 चार कि.मी. का टेण्डर होने के बाद ठेकेदार ने सड़क खुदवा कर दो माह से है नदारत

### देर रात व सुबह हुई हल्की वारिस से कीचड से सन गई नगर की सड़क

**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।**आपको बता दें कि गुढ़ नगर के अन्दर से निकलने वाली पुरानी ने.हा.न. 75 नगर के अन्दर से गुजर कर बाईपास 39 गुढ़वा में मिलती है जिसका सडक निर्माण हेतु टेंन्डर भी पूर्व में हो चुका और गुढ़वा बाईपास से लेकर गुढ स्टैण्ड के पहले रेडवा नदी की पुल तक ठेकेदार ने मुख्यमंत्री के आने के पूर्व खुदवा कर फेक दिया और बोल्डर का गट्ठा सड़क के किनारे मशीन के माध्यम से लगा दिया जिससे आये दिन हादसे तो हो ही रहे हैं वही बाईपास रानीबाग से लेकर बस स्टैण्ड तक की सड़क में रहे गड्ढे में माटी पटवा दिया था जो आज रात हुई हल्की वारिस से नगर के अन्दर से निकली पूरी



सडक कीचड में तब्दील हो गई जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा टेंडर लेने के बाद सडक का पूरा नाप जोख कर गुढ़वा की तरफ से रोड खुदवाने का कार्य शुरु करते हुए कहा था कि समय रहते मुख्यमंत्री के गुढ़ कार्यक्रम के आने के पहले गुढ़ की चार कि. मी. बना कर तैयार कर दी जायेगी जिसका रोड सिलान्यास भाजपा सांसद विधायक सहित कई धुरंधर नेताओ द्वारा किया गया लेकिन रोड तो बनी नही जो बनी थी वह भी अब वर्तमान में मौत का कुआ बन कर मोटर सायकल सायकल व राहगीरो के लिए जानलेवा सावित हो रही हैं अतः गुढ़ नगर वासियों व वाहन चालको ने अस्तित्व मिटे सड़क का अतिशीघ्र निर्माण कराए जाने व इस तरह के भ्रष्ट लापरवाह ठेकेदार के ऊपर कड़ी कार्यवाही करने की मांग जिला कलेक्टर से की गई है।

## मतगणना का दूसरे चरण का प्रशिक्षण दो दिसम्बर को

**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।** जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना तीन दिसम्बर को होगी। मतगणना के लिए तैनात गणना पर्यवेक्षक तथा गणना सहायकों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण दो दिसम्बर को दिया जाएगा। मास्टर ट्रेनरों द्वारा शासकीय विधि महाविद्यालय के विभिन्न कक्षों में दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। नोडल अधिकारी प्रशिक्षण डॉ सौरभ सोनवणे ने मतगणना दल के सभी सदस्यों को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### मतगणना स्थल परिसर में धारा 144 के तहत प्रतिबंध के आदेश

## जिला दण्डाधिकारी ने शांतिपूर्ण मतगणना के लिए धारा 144 के तहत लगाए प्रतिबंध

**पुष्पांजली टुडे**

रीवा। रीवा जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना तीन दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में होगी। मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। यह प्रतिबंध मतगणना स्थल शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में 100 मीटर की परिधि में दो दिसम्बर को रात 8 बजे से तीन दिसम्बर को मतगणना समाप्ति तक लागू रहेगा। इस अवधि में प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी प्रकार की सभा करने, रैली तथा जुलूस निकालने पर प्रतिबंध रहेगा। प्रतिबंधित क्षेत्र में लाउड स्पीकर के उपयोग, अधिकतम पाँच व्यक्तियों से अधिक के एकत्रित होने एवं एक साथ चलने पर भी प्रतिबंध रहेगा। विधानसभा निर्वाचन में विजयी उम्मीदवार द्वारा सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त करके जुलूस निकालने पर भी यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। वर्तमान परिस्थितियों में आम जनता तथा राजनैतिक दल के कार्यकर्ताओं को इस आदेश की सूचना की तामीली संभव नहीं है। इसलिए यह आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है। जनसंपर्क कार्यालय के माध्यम से विभिन्न संचार माध्यमों तथा तहसील कार्यालय एवं थानों के सूचना पटल के माध्यम से आदेश की सूचना दी जा रही है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक को आदेश का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

## मतगणना के लिए तैनात किए गए तकनीकी अधिकारी

**पुष्पांजली टुडे**

रीवा।विधानसभा चुनाव के मतों की गणना तीन दिसम्बर को शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में सुबह 8 बजे से आरंभ होगी। सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए अलग-अलग मतगणना केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें चक्रवार मतों की गणना की जाएगी। प्रत्येक चक्र में 14 मतदान केन्द्रों के मतों की गणना होगी। उम्मीदवारों को प्राप्त मतों को आनलाइन दर्ज करने के लिए तकनीकी अधिकारियों के दल तैनात किए गए हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए तैनात अधिकारी जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल के मार्गदर्शन में मतगणना परिणाम चक्रवार तैयार करेंगे। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में उपयंत्री ज्योति रवि तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर विक्रम चौधरी एवं विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में उपयंत्री अंकिता सोहगौरा तथा कम्प्यूटर आपरेटर पुष्पेन्द्र शुक्ला को तैनात किया गया है। तैनात अधिकारी द्वितीय तल में मतगणना कक्ष के बगल में बनाई गई कम्प्यूटर लैब में जानकारी तैयार करेंगे। इन्हें सहयोग देने के लिए कम्प्यूटर आपरेटर सिद्धार्थ शंकर शर्मा को भी तैनात किया गया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में उपयंत्री अनुष्का जैन तथा कम्प्यूटर आपरेटर रावेन्द्र साहू, विधानसभा क्षेत्र सेमरिया में उपयंत्री जागृति सिंह राजावत, कम्प्यूटर आपरेटर राजकुमार कुशवाहा तथा विधानसभा क्षेत्र त्योंथर में उपयंत्री साक्षी सिंह तथा कम्प्यूटर आपरेटर प्रदीप नामदेव को तैनात किया गया है। तैनात दल भूतल में इंजीनियरिंग कालेज डिजाइन लैब में अपना कार्य करेगी। इन्हें सहयोग देने के लिए कम्प्यूटर आपरेटर विवेक व्यास को तैनात किया गया है। विधानसभा क्षेत्र मनगवां में उपयंत्री वर्षा द्विवेदी तथा कम्प्यूटर आपरेटर धर्मेन्द्र पाण्डेय, विधानसभा क्षेत्र रीवा में उपयंत्री वर्षा मिश्रा तथा कम्प्यूटर आपरेटर संतोष श्रीवास्तव एवं विधानसभा क्षेत्र गु? में उपयंत्री प्रियंका सिंह तथा कम्प्यूटर आपरेटर ब्राम्हानंद शर्मा को तैनात किया गया है। यह दल इंजीनियरिंग कालेज के प्रथम तल में ई लाइब्रोरी कक्ष में राजीव त्रिपाठी प्रशिक्षक ई दक्ष केन्द्र के मार्गदर्शन में जानकारी दर्ज करेगा। इन्हें सहयोग देने के लिए कम्प्यूटर आपरेटर अजय पटेल को तैनात किया गया है। सभी तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को तीन दिसम्बर को प्रातः 6 बजे मतगणना स्थल में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## मतगणना दिवस में बन्द रहेंगी मदिरा दुकानें

**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत मतगणना दिवस में जिलेभर में सभी देशी तथा विदेशी शराब की मदिरा दुकानें बन्द कर दी जाएंगी। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने मतगणना दिवस 3 दिसंबर को पूरे दिन जिलेभर में मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है। प्रतिबंध की अवधि में मदिरा का क्रय, विक्रय एवं परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसका उल्लंघन करने वालों पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।**

## समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन आज से जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए बनाए गए 69 केन्द्र

**पुष्पांजली टुडे**

रीवा।किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन एक दिसम्बर से किया जाएगा। धान उपार्जन की अंतिम तिथि 19 जनवरी 2024 निर्धारित की गई है। किसानों से शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य एफएक्यू धान के लिए 2183 रुपए प्रति क्विंटल तथा धान ग्रेड ए के लिए 2203 रुपए प्रति क्विंटल पर धान की खरीद की जाएगी। धान की खरीद सहकारी समितियों द्वारा की जा रही है। इसके लिए गोदाम स्तर पर 69 खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले में 71877 हजार किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए पंजीयन कराया है। इनसे धान खरीदी के लिए तहसील गु? में बदवार, भैरवबाबा वेयर हाउस क्रमांक 29, रविशंकर चौरसिया वेयर हाउस दुआरी में खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। तहसील जवा में वेयरहाउस डभौरा, अतरैला, बरहुला, कोनी, अकौरी, जवा तथा वेयरहाउस डभौरा 23 में खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। तहसील त्योंथर में ढखरा, त्योंथर, सोहर्वा, बरहा, त्रिवेदी वेयरहाउस लाद, वेयरहाउस मटियारी, प?री, सोहागी, नौवस्ता, रायपुर सोनौरी, चन्द्रपुर, अमिलिया, परसिया, शांति वेयर हाउस चंदई, सोनौरी, शुभ वेयर हाउस सहलोलवा तथा मॉगी में खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। तहसील मनगवां में कैप्टन वेयरहाउस मनगवां, कंदैला, सान्वी वेयरहाउस ग?, संध्या वेयरहाउस, सुदर्शन वेयरहाउस रघुराजग?, नयागांव, जेके वेयरहाउस दुअरा, शिव वेयरहाउस गंगेव काकर वेयरहाउस बांस में खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। रायपुर कर्चुलियान तहसील में गायत्री वेयरहाउस महसुआ, व्यौहरा तथा मनिकवार में खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। सेमरिया तहसील में शुभ वेयरहाउस खपटिहा, सतगुरू वेयरहाउस भमरा, कल्पना वेयर हाउस सेमरिया, बसामन मामा वेयर हाउस पुरवा, सदगुरू वेयरहाउस तिघरा, गुणवंती वेयरहाउस शाहपुर तथा विन्ध्यांचल वेयरहाउस गोदहा में खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। तहसील सिरमौर में कृष्णा वेयरहाउस खैरहन, अंकिता वेयरहाउस क्योटी, इंदर वेयरहाउस देवास, काकर वेयरहाउस हिनौती, मालती वेयरहाउस हटवा तथा महेश वेयरहाउस तिलखन को खरीदी केन्द्र बनाया गया है। तहसील हुजूर रीवा में लक्ष्मी एग्रो ग्राम धौचट, जय भारत वेयरहाउस चोरहटा, विन्ध्या सीड्स अनंतपुर, शिवम वेयरहाउस भुंडहा, लक्ष्मी एग्रो सर्विस बांसा, ओम सांई वेयरहाउस बांसा, सूर्या वेयरहाउस बांसा, पीतांबरा वेयरहाउस म?वा, माँ भगवती वेयरहाउस लक्ष्मणपुर, कछवाह वेयरहाउस बहुरीबांध, बृजनंदन वेयरहाउस बम्हौरी, ओम वेयरहाउस सुमेदा, कस्तूरी ट्रेडर्स पह?िया तथा माँ गौरी वेयर हाउस टीकर में खरीदी केद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी तथा जिला महाप्रबंधक सहकारी बैंक को सभी खरीदी केन्द्रों में धान उपार्जन के लिए आवश्यक व्यस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## मऊगंज में यातायात पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**पुष्पेंद्र सिंह सेंगर**
**जिला ब्यूरो चीफ मऊगंज**



मऊगंज---मऊगंज जिले में यातायात पुलिस थाना मऊगंज के द्वारा लगातार चेकिंग अभियान जारी है आज की कार्रवाई में 11 लोगों के खिलाफ सीट बेल्ट न लगाने के कारण कार्रवाई करते हुए 5500 की वसूली की गई वहीं दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट न लगाने के कारण 11 लोगों पर चलानी कार्रवाई करते हुए 3300रुपये की वसूली की गई तथा अन्य 3 लोगों के खिलाफ 2000 की चालानी कार्रवाई की गई कुल 25 लोगों के खिलाफ चलानी कार्रवाई करते हुए 10800 की वसूली की गई। मऊगंज जिला बनने के बाद लगातार वाहन चालकों के खिलाफ सीट बेल्ट और हेलमेट को लेकर मऊगंज थाना यातायात प्रभारी अमित विश्वकर्मा एवं उनके टीम के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ग्वालियर शाखा द्वारा ग्लोबल फंड परियोजना के अंतर्गत ह्रदय रोग हेतु स्वास्थय शिविर संपन्न







**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** फैमली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ग्वालियर शाखा की ग्लोबल फंड परियोजना के अन्तर्गत हार्ट केयर सेंटर द्वारा ह्रदय रोग मरीजों के स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने हेतु आज एक शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्वालियर के सुप्रसिद्ध ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आशीष चौहान जी उपस्थित थे उन्होंने सभी को बताया 40 साल के बाद हर व्यक्ति को अपने शरीर का विशेष ख्याल रखना चाहिए।4. किसी भी तरह की तकलीफ़ जैसे- साँस फूलना , जल्दी थकना , घबराहट होना, सीने में भारीपन् या दर्द होना।सर्दियाँ ह्रदय रोगियों के लिए होती हैं बेहद घातक।रखें अपने दिल का ख़्याल।।सेव द हार्ट के तहत डॉ आशीष चौहान ने बताये सर्दियों में ह्रदय रोगियों के लिये सुझाव

1. बहुत सर्दी में बाहर ना निकलें
2. दवाइयों का नियमित सेवन करें।
3. समय पर डॉक्टर की सलाह लें।

कार्यक्रम में विषेश अतिथि के रूप में संस्था के सदस्य श्री भूपेंद्र सिंह तोमर जी उपस्थित थे उन्होंने सभी को स्वास्थय पर जानकारी दी।कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चैपरसन डॉ के. के.दीक्षित जी उपस्थित थे। उन्होंने सभी को संस्था की अन्य गतिविधियों पर चर्चा की एवं सभी से स्वस्थ रहने की अपील की।कार्यक्रम में संस्था की शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दीक्षित जी उपस्थित थी।उन्होंने सभी को ग्लोबल फंड परियोजना के अन्तर्गत आने वाले सभी कार्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।कार्यक्रम का संचालन संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अछेंद्र सिंह कुशवाह द्वारा किया गया। एवं आभार पंकज अग्रवाल द्वारा किया गया।शिविर में 20 से 25 ह्रदय रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं साथ में ई.सी.जी. भी किया।शिविर को सफल बनाने में संस्था की ओर से श्री जी. आर.रमेश, श्री आशीष सोनी,स्वाति तोमर,बरखा पाठ्य,मुस्कान रावत का मुख्य योगदान रहा।ग्लोबल फंड परियोजना की ओर से परामर्शदाता प्रज्ञा श्रीवास्तव जी,द्वारा सभी को परामर्श दिया गया ।

## ग्वालियर किले से छात्रा ने लगाई छलांग



ग्वालियर में एक छात्रा ने खुदकुशी के इरादे से किले से छलांग लगा दी। छात्रा करीब 80 फीट की गहराई में झाड़ियों में जा अटकी। शोर सुनकर तलहटी में रहने वाले लोग वहां पहुंचे और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते पुलिस और दमकल की टीम मौके जा पहुंची जहां करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उसे घायल अवस्था में निकालकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहा डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। घटना गुरुवार सुबह किला स्थित लाइट एंड साउंड पॉइंट के पास की है। छात्रा खुद कूदी है या किसी हादसे का शिकार हुई है यह पता नहीं चल सका है। पता चला है कि किले से गिरकर घायल हुई छात्रा जनक ताल के पास रहने वाली बताई जा रही है। मामले का पता चलते ही छात्रा के परिजन भी थाने जा पहुंचे हैं जहां पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

## झांसी रेल मंडल का धमाका: एक दिन की चेकिंग में 15 लाख रूपये जुर्माना वसूला

मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के निर्देशन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (द्वितीय) अमित आनंद के नेतृत्व में झाँसी मंडल में वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, बाँदा, मुरैना, ललितपुर, उरई, महोबा, खजुराहो तथा चित्रकूट स्टेशनों पर बेस स्टेशन तैयार करते हुए वृहद स्तर पर टिकट जांच अभियान चलाया गया । अभियान में मंडल से गुजरने वाली सभी गा?ियों की सघन चेकिंग की गई, विशेष तौर पर महिला व दिव्यांग कोचों में जांच की गई। इस दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले 1245 यात्रियों से जुर्माना सहित लगभग रु.11 लाख रेल राजस्व के रूप में वसूला

गया 7 साथ ही बिना बुक लगेज,गंदगी



फैलाने व धूम्रपान करने से सम्बंधित

916 प्रकरण पक? गए, जिनसे लगभग

4.20 लाख राशि वसूली गयी । जांच

अभियान को सफल बनाने में बेस इंचार्ज के रूप में मुख्य टिकट निरीक्षक शिरीष उपाध्याय, किरण प्रताप अर्मो, मनोज बघेल, राजीव शर्मा, अजय कुमार, संजय सोनकर, ज्ञान सिंह, राजेंद्र यादव उम्र खान तथा रमेश कुमार द्वारा विशेष भूमिका निभायी गयी 7 मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा - यात्रियों से अपील है कि वह उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करे, स्टेशन तथा रेल परिसर में धुम्रपान व गंदगी न फैलाए, ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें तथा बिना उचित कारण के चैन खेंचकर रेल प्रशासन, अपने सहयात्री व स्वयं के लिए असुविधा का कारण न बनें ।

## कोर्ट ने दी 15 साल की नाबालिग को गर्भपात की अनुमति, जेएएच में भर्ती




मुरैना के दिमनी क्षेत्र की एक 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ वहीं के रहने वाले एक युवक ने दुष्कर्म किया। एक बार नहीं उसने छात्रा के साथ शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया। इसी दौरान छात्रा गर्भवती हो गई, तो उसने युवक से शादी करने के लिए कहा, लेकिन युवक ने साफ मना कर दिया। 11 मार्च 2023 को पी?िता ने थाने पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने भी मामला दर्ज कर जांच की और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गर्भपात के लिए उसके स्वजन ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई। जिस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने गर्भपात की अनुमति दे दी।

## निगम आयुक्त द्वारा महाप्रबंधक के घर बुलडोजर भेजने की निंदा, बिजली कनेक्शन काटने के नोटिस पर कार्रवाई



ग्वालियर, । महाप्रबंधक शहर वृत के निज निवास पर आयुक्त नगर निगम ग्वालियर द्वारा की गई की निंदा मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ ने की है। इस मामले को लेकर लामबंद हुए सहायक अभियंता, कार्यपालक निदेशकों ने कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।**बिजली बिल भुगतान नहीं होने पर बवाल**–ज्ञापन में बताया गया कि ऊर्जा विभाग के निर्देश पर विद्युत बिल भुगतान नहीं होने की स्थिति में विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाती है। नगर निगम ग्वालियर से संबंधित विद्युत बिलों के भुगतान के लिए कहा गया था। लेकिन नियत अवधि में बिजली बिल भुगतान नहीं किया गया है। बिजली बिल भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन काटने का नोटिस जारी किया गया।**आयुक्त नगर निगम पर आरोप**–आयुक्त नगर निगम ग्वालियर द्वारा बिजली बिल का भुगतान न करते हुए कनेक्शन काटने की नियमानुसार की गई कार्रवाई को व्यक्तिगत लेते हुए महाप्रबंधक शहर वृत नितिन मांगलिक के निज निवास जो लगभग 35 वर्ष पहले से निर्मित है पर बुलडोजर भेजकर जो काम किया गया उससे उनके परिवारी जन भयभीत व असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ आयुक्त नगर निगम ग्वालियर द्वारा किसी जिम्मेदार विद्युत अधिकारी के प्रति व्यक्तिगत रूप से की गई कार्यवाही की निंदा करता है साथ भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृति न हो इसके लिए उचित कार्रवाई करने का आग्रह करता है।

## पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारी व कर्मियों को एसपी ग्वालियर ने दी विदाई










**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे द्वारा पुलिस विभाग से सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को विदाई दी गई। इस मौके पर डीएसपी मुख्यालय श्री अशोक सिंह जादौन, रक्षित निरीक्षक श्री सत्य प्रकाश मिश्रा पुलिस लाईन ग्वालियर, सूबेदार धनंजय शर्मा सहित कार्यालयीन स्टाफ एंव सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के परिजन उपस्थित रहे।आज पुलिस कन्ट्रोल रूम ग्वालियर सभागार में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के लिये विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों से नौकरी के दौरान उनके अनुभवों को भी साझा किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों से उनके भविष्य के कार्यकलापों के बारे में जाना तथा उनको सेवानिवृत्त उपरांत स्वयं को सामाजिक कार्यो में व्यस्त करने की सलाह दी जिससे अभी तक रही व्यस्तता की दिनचर्या से बाहर निकलने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के समापन पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने आज सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह, ट्रैवलर बेग भेंट कर उनके बेहतर स्वास्थ्य व उज्जवल भविष्य की कामना की। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे सभी अधिकारी एंव कर्मचारियों से उनकी सेवाकाल के दौरान किये गये कार्यो की जानकारी ली गई। सेवानिवृत होने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारिगण इस प्रकार है- सउनि0 जितेन्द्र बाबू शर्मा, सउनि0 अनूप तोमर, सउनि0 निरंजन सिंह गुर्जर, प्र.आर0 रविन्द्र शर्मा।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478